दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार,झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा मंगलवार 18 फरवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 532

संक्षिप्त खबरें ।

बिहार: स्कूल के बाहर रोने-चिल्लाने लगी छात्राएं, कई की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में कराया गया भर्ती

लोक तंत्र की आवाज़

सीतामढ़ी। बिहार के सीतामढ़ी जिले में मैट्रिक परीक्षा के दौरान एक केंद्र पर अजीबोगरीब स्थिति उत्पन्न हो गई। सीतामढ़ी के जिला मुख्यालय डुमरा के कमला बालिका उच्च विद्यालय में मैट्रिक की परीक्षा केंद्र पर देर से पहुंचने वाले 9 परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में एंट्री नहीं दी गई। इसकी वजह से छात्राएं परीक्षा नहीं दे पाईं। परीक्षा न देने की वजह से सभी छात्राएं केंद्र के बाहर लगातार रोने–चिल्लाने लगे। इसके बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। परीक्षा से वंचित कई स्कूल छात्राओं की तबीयत अचानक से बिगड़ गई। कई छात्राएं स्कूल के बाहर बेहोश तक हो गईं। छात्राओं की ज्यादा तबीयत बिगड़ता देख पुलिस प्रशासन भी एक्टिव हो गया। पुलिस के वाहन से आनन–फानन में रोती–चिल्लाती छात्राओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। डुमरा पीएचसी में बीमार सभी छात्राओं को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है।

बीपीएससी परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन: वहीं, दूसरी ओर बीपीएससी अभ्यर्थियों की परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर खान सर एक बार फिर से अभ्यर्थियों के समर्थन में सड़क पर उतर आए हैं। पटना के गर्दनीबाग में बीपीएससी अभ्यर्थी बड़ी संख्या में जुट रहे हैं। गुरु रहमान समेत तमाम शिक्षक भी धरनास्थल पहुंचे हुए हैं।

विधानसभा चुनाव के लिए एक्टिव हुई कांग्रेस, राहुल गांधी के बाद अब मल्लिकार्जुन खरगे आ रहे बिहार

लोक तंत्र की आवाज़

पटना। बिहार में इस साल होने जा रहे विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पूरी तरह एक्टिव हो गई है. पहले लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 20 से 25 दिनों के भीतर दो बार पटना के दौरेपर आ चुके हैं. अब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 22 फरवरी को एक दिवसीय बिहार दौरे पर आ रहे हैं. पार्टी नेताओं से मिली जानकारी के अनुसार वे बक्सर में पार्टी की ओर से आयोजित जय बापू–जय भीम– जय संविधान कार्यक्रम में शामिल होंगे.

राहुल गांधी ने जाति गणना को बताया था फेक: पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के संभावित बिहार आगमन को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है. इससे पहले जब कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पटना दौरे पर आए थे, तो बिहार की जातीय जनगणना को फेक और लोगों को बेवकूफ बनानेवाला बताया था. साथ ही आरजेडी चीफ लालू यादव से मिलने उनके आवास भी गए थे. इस दौरान पूर्व सीएम राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे थे. अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बिहार दौरे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी उत्साह है.

बिहार में गठबंधन को लेकर स्थिति साफ नहीं: बिहार में राजद के साथ गठबंधन को लेकर स्थिति साफ नहीं है. पिछले दिनों लालू यादव ने ममता बनर्जी को इंडिया ब्लॉक का नेता बनाने की वकालत की, तो तेजस्वी ने इंडिया गठबंधन को सिर्फ लोकसभा चुनाव तक सीमित रहने की बात कही थी. राहुल गांधी के बिहार प्रवास के दौरान लालू परिवार से मुलाकात के जरिए इंडिया गठबंधन में सबकुछ ठीक बताने की कोशिश की गई थी.

कांग्रेस संगठन बदलाव पर राहुल गांधी की छाप, क्या सामाजिक न्याय के एजेंडे से मिलेगी संजीवनी?

लोक तंत्र की आवाज़

नई दिल्ली। कांग्रेस ने अपने संगठनात्मक बदलाव शुरू कर दिए हैं. 3 दिन पहले 2 राज्यों के महासचिव और 9 के लिए प्रभारियों नियुक्त की है. इस पर राहुल गांधी की छाप खास नजर आ रही है. इसकी वजह ये है कि युवाओं को मौका देने के साथ ही ओबीसी और अल्पसंख्यक समाज के नेताओं को भी तरजीह दी गई है।

हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली करारी मात के बाद कांग्रेस ने अपने संगठनात्मक बदलाव शुरू कर दिए हैं. कांग्रेस ने तीन दिन पहले कई राज्यों के प्रभारी बदले हैं, जिसमें पार्टी ने अनुभवी और परखे हुए नेताओं को जिम्मेदारी देने के साथ–साथ युवा चेहरों को खास तवज्जो दी है. इस तरह कांग्रेस संगठन में होने वाले बदलाव पर राहुल गांधी की छाप खास नजर आ रही है, क्योंकि युवाओं को मौका देने के साथ–साथ दलित, ओबीसी और अल्पसंख्यक समाज के नेताओं को तरजीह दी गई है. इस तरह राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय के एजेंडे को धार देने के लिए कांग्रेस के संगठन में भी सामाजिक न्याय की कवायद शुरू कर दी है. ऐसे में देखना है कि राहुल के इस बदलाव से कांग्रेस के दिन भी बदलते हैं कि नहीं?

कांग्रेस ने तीन दिन पहले 2 राज्यों के महासचिव और 9 के लिए प्रभारी नियुक्त की है. कांग्रेस ने 9 में से 6 प्रभारियों को बदला है. छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कांग्रेस का महासचिव बनाते हुए पंजाब का प्रभार सौंपा है. कांग्रेस के संगठनात्मक बदलाव पर नेता राहुल गांधी की सियासी छाप को साफ देखा जा सकता है. खासकर उनके तीन करीबी सहयोगियों को प्रमुख जिम्मेदारियां दी गई हैं. ये सहयोगी संगठनात्मक मामलों में राहुल के साथ काम कर चुके हैं. ऐसे ही प्रियंका गांधी के करीबी नेताओं को भी संगठन में जगह दी गई है।

कांग्रेस के संगठन में बड़ा बदलाव: कांग्रेस ने सगंठन में बदलाव करते हुए रजनी पाटिल को हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ का प्रभारी बनाया गया. बीके हरिप्रसाद को हरियाणा, हरीश चौधरी को मध्य प्रदेश, गिरीश चोड़नकर को तमिलनाडु और पुडुचेरी का प्रभारी बनाया है. ऐसे ही अजय कुमार लल्लू को ओडिशा, के. राजू को झारखंड, मीनाक्षी नटराजन को तेलंगाना, सप्तगिरी शंकर उल्का को मणिपुर, त्रिपुरा, सिक्किम और नागालैंड और कृष्ण अल्लावरु को बिहार का प्रभारी बनाया है. भूपेश बघेल और राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन को जम्मू–कश्मीर और लद्दाख का प्रभारी महासचिव बनाया गया है।

कांग्रेस ने अपने कुछ प्रभारियों के प्रदर्शन को भी देखा और खराब प्रदर्शन करने वालों को हटा दिया है. इस फेरबदल में दीपक बाबरिया, मोहन प्रकाश के अलावा भरत सिंह सोलंकी, राजीव शुक्ला, अजय कुमार और देवेंद्र यादव सहित कई वरिष्ठ नेताओं की संगठन से छुट्टी हो गई है. दीपक बाबरिया जो हरियाणा के प्रभारी थे और चुनावी मात के बाद उन्हें हटा दिया है।

दलित–ओबीसी नेताओं को तवज्जो : कांग्रेस ने के. राजू, जो 'बहुजन' राजनीति में राहुल गांधी के विश्वसनीय व्यक्ति माने जाते हैं, को झारखंड की जिम्मेदारी दी है. कांग्रेस कार्यकर्ता से राजनीतिज्ञ बनीं मीनाक्षी नटराजन को तेलंगाना का प्रभार सौंपा गया है, जहां कांग्रेस सरकार सोशल इंजीनियरिंग के तहत बड़े बदलाव की योजना बना रही है. तेलंगाना सरकार ने जाति जनगणना डेटा जारी किया है और दलितों के उप–वर्गीकरण की योजना बना रही है. मोहन प्रकाश की जगह कृष्णा अल्लावरु की बिहार प्रभारी नियुक्ति भी नेताओं के लिए एक संदेश है कि नेतृत्व चुनाव नतीजों पर ध्यान दे रहा है। कृष्णा अल्लावरु को राहुल गांधी का काफी करीब माना जाता है, जो अपर क्लास से आते हैं और यूथ कांग्रेस में लंबे समय तक रहे हैं. ऐसे में कांग्रेस ने उन्हें बिहार में लगाया गया, जहां पर इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं. भूपेश बघेल, गिरीश चोड़नकर, हरीश चौधरी और अजय कुमार लल्लू ओबीसी समाज से आते हैं जबकि बीके हरि प्रसाद और के. राजू दलित समाज से हैं. सप्तगिरि आदिवासी समुदाय से हैं. कांग्रेस संगठन में जिन 11 लोगों की नियुक्त हुई है, उसमें चार ओबीसी, दो दलित, एक आदिवासी और एक अल्पसंख्यक समाज से हैं. तीन अपर क्लास हैं, जिनमें रजनी पाटिल, मीनाक्षी नटराजन और कृष्ण अल्लावरु हैं।

कांग्रेस ने वफादारों को दिया इनाम

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कर्नाटक के दिग्गज कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद को संगठन में वापस लाया गया है. बघेल को पंजाब का प्रभारी बनाया गया है और हरिप्रसाद को हरियाणा प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है. भूपेश बघेल को प्रियंका गांधी वाड्रा का करीब माना जाता है. उन्हें चुनाव प्रबंधन के लिए जाना जाता है।

जो रुपए और कुर्सी के लिए जा रहे हैं, उन्हें शिवसेना व यूबीटी छोड़ने वाले नेताओं पर संजय राउत का बड़ा बयान

लोक तंत्र की आवाज़

मुंबई। शिवसेना–यूबीटी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने पार्टी छोड़ने वाले नेताओं को जमकर खरी–खोटी सुनाई है. साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार को कई मुद्दों पर घेरा है. उन्होंने न्यू इंडिया को–ऑपरेटिव बैंक, भारत में अमेरिकी सैन्य विमानों का उतरना और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा है।

पार्टी छोड़ने वाले नेताओं पर संजय राउत ने कहा, 'जो जा रहे हैं, उन्हें जाने दो. सत्ता और पैसे का दबाव है. कुछ लोगों पर पुरानी केसें निकाली जा रही हैं, जिनमें लड़ने की इच्छाशक्ति नहीं है, वे जा रहे हैं. मुर्दा लोगों को रखकर क्या करना? एक दिन आएगा जब एकनाथ शिंदे की पार्टी से एक भी विधायक नहीं चुना जाएगा. 2029 में तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी. तब बीजेपी और शिंदे साथ नहीं होंगे. शिंदे का एक गुट कोंकण के एक नेता के साथ जाएगा. एकनाथ शिंदे ने सबसे ज्यादा नुकसान बालासाहेब ठाकरे को पहुंचाया है।

न्यू इंडिया को–ऑपरेटिव बैंक पर क्या बोले संजय राउत? : संजय राउत ने न्यू इंडिया को–ऑपरेटिव बैंक में कथित घोटाले के बारे में कहा, ₹न्यू इंडिया को–ऑपरेटिव बैंक एक बहुत प्रतिष्ठित और बड़ा बैंक है. मेरा मानना है कि यह एक अनुसूचित बैंक है. बीजेपी के लोगों ने इस बैंक पर कब्जा कर लिया है और उन्होंने अपने ही लोगों को गलत तरीकों से कर्ज दिया है. उन्होंने बैंक को लूटा है और मेरे अनुमान से यह 150 करोड़ रुपये का घोटाला है। वहीं अमेरिकी सैन्य विमान अमृतसर में उतरने को लेकर संजय राउत ने कहा, अफगानिस्तान के बाद भारत दूसरा देश है, जहां अमेरिकी सैन्य विमान उतरेंगे. बीजेपी क्या कर रही है? वे इससे अपमानित महसूस नहीं करते क्या. सिख भाइयों की पगड़ियां उतार दी गईं और लोगों को हथकड़ियां लगाई गईं. नरेंद्र मोदी यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध रोक सकते हैं. लेकिन, अमेरिका ने हमारे भारतीयों के पैरों में बेड़ियां डाल दीं. पीएम मोदी 56 इंच का सीना लेकर अमेरिका क्या करने गए थे?

कुंभ के नाम पर हिंदुओं को कुचला जा रहा है– संजय

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे पर संजय राउत ने कहा कि कुंभ के नाम पर हिंदुओं को कुचला जा रहा है. उन्होंने सवाल उठाया, ''यह दिल्ली में रेलवे प्लेटफार्म होगा, नहीं तो प्रयागराज होगा, सरकार कहां है? मुख्यमंत्री और उनके मंत्री गंगा में स्नान कर रहे हैं, लेकिन पाप यहां कर रहे हैं।

भारत के चुनावों में अमेरिका देता है दखल? बसपा चीफ मायावती ने लगाया गंभीर आरोप

लोक तंत्र की आवाज़

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा भारत को दी जाने वाली मदद को रोकने के फैसले के संदर्भ में चौंकाने वाला दावा किया है। बसपा चीफ मायावतीबहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अमेरिका द्वारा भारत को दी जाने वाली मदद को रोकने के फैसले के बाद बड़ा दावा किया है. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में समीक्षा बैठक के दौरान बसपा चीफ ने कार्यकर्ताओं और नेताओं से मुलाकात की. इसके बाद जारी एक बयान में बसपा चीफ ने कहा कि अमेरिका से यह ख़बर काफी चौकाने वाली है कि भारत के वोटरों की संख्या को बढ़ाने₹ के नाम पर 21 मिलियन डालर की भारी भरकम धन मिलती रही है. देश के लोगों को इससे जरूर चौकन्ना हो जाना चाहिए कि कहीं यह स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव में हस्तक्षेप तो नहीं है और अगर है तो इससे किसको लाभ मिलता रहा है।

बसपा द्वारा जारी किए गए बयान में अमेरिका से भारत आ रहे लोगों का मुद्दा भी उठाया गया है. बसपा की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मायावती ने कहा– इसी सिलसिले में अमेरिका में अवैध प्रवासी बताकर सैकड़ों भारतीयों को हथकड़ी व पाँव में बेड़ी डालकर लगातार घर वापस किए जाने की घटना को अति दुखद व चिन्तनीय बताते हुए। उन्होंने कहा कि अमेरिका जैसे ₹मित्र देश से ज्यादातर पंजाब, हरियाणा, गुजरात व उत्तर प्रदेश आदि राज्य के रहने वाले भारतीय नागरिकों की इस अमानवीयता से घर वापसी के प्रति केन्द्र की सरकार को उचित संज्ञान लेकर इसका समाधान निकालना चाहिए।

क्या दिल्ली छोड़ यूपी लौटेंगे अखिलेश? उपचुनाव में लगातार हार और विधानसभा में सपा के कमजोर तेवर से परेशान कन्नौज सांसद

लोक तंत्र की आवाज़

लखनऊ। पहले उपचुनाव की 9 सीटों में केवल दो सीटें बचा पाना और फिर मिल्कीपुर में करारी हार..लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव की अगुवाई में समाजवादी पार्टी की साइकिल जिस तेज रफ्तार से दौड़ी, उसकी स्पीड पर उपचुनाव आते–आते ब्रेक लग गया. विधानसभा में भी सपा प्रमुख की गैरमौजूदगी में सपा का सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिशों के तीखे तेवर देखने को नहीं मिले. ऐसे में सियासी गलियारों में सवाल उठ रहे हैं क्या अखिलेश यादव के बिना यूपी में सपा कमजोर दिखती है?

अखिलेश के रहते विधानसभा में गरमाता माहौल: अखिलेश यादव की अगुवाई में सड़क से लेकर विधानसभा तक सपा जोर शोर से सत्ता पक्ष पर सियासी हमला बोलती थी. सत्र के दौरान होने वाली बहस में 'योगी बनाम अखिलेश' के भाषणों की भी खूब चर्चा होती. लेकिन सपा प्रमुख के सांसद बनने के बाद समाजवादी पार्टी नेताओं का अखिलेश जैसा आक्रमक रुख सदन में अब तक नहीं दिखा है. बीते यूपी विधानसभा शीतसत्र के दौरान अखिलेश यादव दिल्ली में संसद सत्र छोड़कर लखनऊपहुंचे और विधायकों के साथ अहम बैठक की थी।

लोकसभा चुनाव में किया बड़ा उलटफेर; लोकसभा चुनाव में सपा ने यूपी में बड़ा उलटफेर किया था. पिछला, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) का दांव खूब चला. सपा और कांग्रेस के गठबंधन ने यूपी में 43 सीटें जीतकर बीजेपी को केंद्र में बहुमत के आंकड़े से काफी पीछे धकेल दिया था. बीजेपी सिर्फ 37 सीटों पर सिमट कर रह गई थी.अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव के बाद करहल विधानसभा सीट छोड़ दी और कन्नौज से सांसद रहते दिल्ली शिफ्ट हो गए।

अखिलेश के सामने खड़ा हुआ सवाल?

समाजवादी पार्टी के देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनने के बाद अखिलेश यादव ने केंद्रीय राजनीति में सक्रियता का संकेत दिए. बीजेपी के पूर्ण बहुमत में न होने और नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू पर निर्भरता से इंडिया गठबंधन सत्ता में आने की संभावनाएं तलाश रहा था. अखिलेश यादव की नजरें भी केंद्र में मुलायम की तरह बड़ी भूमिका निभानें पर थी, लेकिन यूपी उपचुनाव के आए हालिया नतीजों ने अखिलेश के सामने 'यूपी बनाम केंद्र' की राजनीति में विकल्प चुनने को लेकर फिर से सवाल खड़े किए हैं।

ईरान को लगने वाला है करारा झटका, इजरायल को होगा फायदा, अमेरिका के दावे से मची सनसनी

लोक तंत्र की आवाज़

नई दिल्ली। पिछले कुछ दिनों से इजरायल और हमास के बीच युद्ध चल रहा है। वर्ष 2025 की शुरुआत जहां इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम के साथ हुई, वहीं रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को रोकने के प्रयास भी चल रहे हैं। लेकिन, इन दोनों देशों के बीच युद्ध कभी भी फिर से बढ़ सकता है। अमेरिकी खुफिया समुदाय की रिपोर्टों में यह आशंका व्यक्त की गई है।रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वर्ष इजरायल द्वारा ईरान के परमाणु स्थलों पर हमला किया जा सकता है। यदि ऐसा हुआ तो मध्य पूर्व में बड़ा युद्ध हो सकता है। इसके अलावा तीसरे विश्व युद्ध का भी खतरा हो सकता है। 2024 में ईरान और इजरायल कई बार आमने–सामने आए और युद्ध की आशंका भी बनी, लेकिन दोनों तरफ से कुछ हमलों के बाद स्थिति शांत हो गई। अब, यदि परमाणु परियोजनाओं पर हमला हुआ तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती है।

इज़रायली सेना का रुख डोनाल्ड ट्रम्प से अलग है। डोनाल्ड ट्रम्प इजरायल और ईरान के बीच शांति समझौता चाहते हैं, मगर इजरायल ऐसा नहीं चाहता। उनका लक्ष्य इजरायल की परमाणु क्षमताओं को नष्ट करना है। ऐसा माना जा रहा है कि इजराइल ईरान में सत्ता परिवर्तन के लिए धन मुहैया करा सकता है और इसके परिणामस्वरूप राजनीतिक युद्ध शुरू हो सकता है। इज़रायली सुरक्षा बलों ने पहले भी ईरानी सैन्य ठिकानों पर हमला किया था। अब नये हमले पहले से अधिक गंभीर हो सकते हैं। इस बार दावा किया गया है कि इजरायल ईरान के परमाणु स्थलों पर हमला कर सकता है।

अमेरिका की रूस से करीबी के बाद, फ्रांस ने उठाया यूक्रेन का मुद्दा..बुलाई इमरजेंसी बैठक

लोक तंत्र की आवाज़

रियाद। अमेरिका और रूस के अधिकारी सऊदी अरब के राजधानी रियाद में बैठक करने जा रहे हैं और ट्रंप ने भी कहा है कि वह पुतिन से मुलाकात कर सकते हैं. इससे पहले वह कह चुका है कि यूक्रेन–रूस युद्ध वार्ता में यूरोपियन यूनियन का कोई रोल नहीं है. अमेरिका के रुख से बढ़ी चिंता के बाद अब फ्रांस के राष्ट्रपति ने यूक्रेन मुद्दे पर यूरोपियन नेताओं के सम्मेलन की मेजबानी करने का फैसला किया है।

फ्रांस के विदेश मंत्री जीन–नोएल बैरोट ने कहा कि यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के अमेरिकी प्रयासों पर बढ़ती चिंताओं के बीच, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों यूरोप की सुरक्षा पर चर्चा करने के लिए सोमवार को प्रमुख यूरोपीय देशों के नेताओं की मेजबानी करेंगे।

ट्रंप ने बदला रुख: अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हफ्ते अपने रूसी काउंटरपार्ट व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत में रूस के आक्रमण पर चर्चा शुरू करके यूक्रेन और उसके यूरोपीय समर्थकों को चौंका दिया है. नए अमेरिकी प्रशासन ने अपने नाटो अलायंस को भी चेतावनी दी है कि यूरोप अब उसकी शीर्ष सुरक्षा प्राथमिकता नहीं रहेगा और वह चीन पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ही अपनी ताकत को वहां स्थानांतरित कर सकता है।

पैरिस में यूरोप के नेता होंगे एकजुट: बैरोट ने रविवार को फ्रांस इंटर रेडियो से बात करते हुए कहा कि राष्ट्रपति मैक्रों यूरोपीय सुरक्षा के लिए मुख्य यूरोपीय देशों को एक साथ लाएंगे, उन्होंने ये नहीं बताया कि इस बैठक में कौन–कौन से देश के नेता शामिल होने वाले हैं। एएफ़पी की खबर के मुताबिक सोमवार दोपहर पेरिस में होने वाली बैठक में ब्रिटेन, जर्मनी, पोलैंड, इटली, डेनमार्क और नाटो प्रमुख मार्क रूटे और यूरोपीय संघ प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन शामिल होने वाले हैं. यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को एक इंटरव्यू में कहा था कि वे अमेरिका और रूस के बीच किसी भी फैसले को कभी स्वीकार नहीं करेंगे.

हवा में लहराने लगेगी धरती, सुनामी में डूबेगी पूरी दुनिया, आएगा ऐसा भूकंप सब कुछ हो जाएगा खत्म

लोक तंत्र की आवाज़

नई दिल्ली। सोमवार सुबह जब दिल्ली ठउफके लोग सो रहे थे तभी अचानक धरती कांपने लगी। डर से लोग अपने घरों से बाहर निकल गए। भूकंप के झटके गाजियाबाद, नोएडा समेत यूपी के 7 जिलों में भी महसूस किए गए। उत्तर प्रदेश में 2 बार भूकंप के झटके महसूस हुए एक 5:36 पर और दूसरा 8:02 मिनट पर। पहले का केंद्र दिल्ली तो दूसरे का केंद्र बिहार का सिवान जिला था। भूकंप की तीव्रता कम थी लेकिन आवाज काफी तेज। क्या आपको मालूम है कि किस तीव्रता पर भूकंप आने से कुछ भी नहीं बचेगा।

क्यों आता है भूकंप: हमारी धरती की सतह 7 बड़ी और कई छोटी टेक्टोनिक प्लेट्स से बनी हुई है। ये सारे प्लेट्स तैरती रहती है। इसी क्रम में कभी कभी वापस में टकरा जाती है। कई बार टकराने से ट्स के कोने मुड़ जाते हैं और टूटने लगते हैं। ऐसे में नीचे से निकली ऊर्जा बाहर निकलने के लिए जगह ढूंढने लगती है। इस कारण डिस्?टर्बेंस आता है और फिर भूकंप आता है। रिक्टर स्केल पर 0 से 9 या उससे ज्यादा तक आता है। 5 से ज्यादा तीव्रता का भूकंप खतरनाक माना जाता है। 6 से 6.9 की तीव्रता में इमारतों की नींव दरक जाती है। 7 से ज्यादा में इमारतें गिर जाती हैं। 8 से ज्यादा में इमारतों समेत बड़े–बड़े पुल गिर जाते हैं।

होगा संपूर्ण विनाश: भूकंप 9 या उससे ज्यादा तीव्रता का हो तो संपूर्ण विनाश हो जाता है। यह इतना खतरनाक है कि अगर आप मैदान में खड़े होंगे तो आपको धरती लहराते हुए दिखने लगेगी। समुद्र नजदीक में हो तो फिर सुनामी आती है। इस वजह से भूस्खलन और हिमस्खलन हो सकता है। साल 1920 में चीन में भूकंप के बाद लैंडस्लाइड हुआ था। इसमें दो साल से ज्यादा लोग मारे गए थे।

संक्षिप्त खबरें ।

अपराधियों ने बैंक में घुसकर मैनेजर पर किया जानलेवा हमला, गिरफ्तार

सुनील कुमार

नवादा। नवादा में बेखौफ अपराधियों ने बैंक में घुसकर शाखा प्रबंधक पर जानलेवा हमला किया है। जानकारी अनुसार जिले के बुंदेलखंड थाना क्षेत्र में स्थित यूनियन बैंक की शाखा में घटना को अंजाम दिया गया है। अपराधियों के चाकू से हमले के बाद जख्मी हालत में प्रबंधक अभय कुमार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी हुलास कुमार, थाना प्रभारी अविनाश कुमार और अखिलेश कुमार तुरंत मौके पर पहुंच गए और पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी। वे घटनास्थल का निरीक्षण कर रहे हैं और पूछताछ कर रहे हैं ताकि घटना के पीछे की सच्चाई का पता लगाया जा सके। बैंक मैनेजर पर हमला करने वाले युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और उससे विशेष पूछताछ की जा रही है। पुलिस हमले के पीछे की मंशा और युवक के मोटिव को समझने की कोशिश कर रही है, ताकि घटना के पूरे मामले का पता लगाया जा सके।

हमलावर ने किया कई वार : बैंक के अंदर आये युवक ने मैनेजर से केबिन में बहस करनी शुरू की, और अचानक उसने एक बड़ा चाकू निकालकर मैनेजर पर हमला कर दिया। उसने मैनेजर के सिर और अन्य स्थानों पर कई वार किए, जिससे मैनेजर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इस घटना के बाद बैंक की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। यह घटना यह है कि बैंक की सुरक्षा में कुछ कमियां हो सकती हैं जिनका फायदा उठाकर इस तरह की घटनाएं हो सकती हैं।

अचानक चाकू से किया हमला : अभय कुमार अपने केबिन में बैठे थे, तभी एक युवक आया और अचानक चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में अभय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने हमलावर को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि बैंक में कोई पुलिसकर्मी गार्ड नहीं है जिसके कारण भी बैंक असुरक्षित महसूस कर रहा है।

जंगल में अफीम की खेती को किया विनिष्ट चार लोगों पर दर्ज की गई प्राथमिकी

प्रदीप प्रसाद संवाददाता

सिरदला नवादा- पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बहुआरा के घने जंगल में अफीम की खेती को विनिष्ट किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी, की बहुआरा के घने जंगल में अफीम की खेती उगाई जा रही है। अफीम की खेती की सूचना प्राप्त होते ही थाना अध्यक्ष संजीत राम ने एक टीम गठित कर दलबल के साथ उगाई स्थल पर पहुंचे। सूचना के आलोक में सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु बहुआरा के घने जंगल पहुंचकर करीब 5 कट्ठा में लगा हुआ अफीम की खेती को विनिष्ट किया गया है। इस मामले में चार लोगों के विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

तीन दिवसीय रोटरी का नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का किया आयोजन

रोटरी के सौजन्य से 76 लोगों को मिली नई जिंदगी, 15 से 17 फरवरी तक चला नि:शुल्क

लोक तंत्र कीआवाज

सुनील कुमार

नवादा । रोटरी क्लब ऑफ नवादा एवं महावीर सेवा सदन कोलकाता के तत्वाधान में तीन दिवसीय कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 76 लोगों को कृत्रिम अंग लगाकर उन्हें नई जिंदगी दी गयी । सबसे बड़ी बात यह रही कि इस शिविर में नवादा जिले के साथ-साथ पड़ोसी जिले के लोग भी शामिल हुए । दो-तीन लोग कोलकाता से भी पहुंचकर इस शिविर का लाभ उठाया। पिछले कई वर्षों से कटे पैर की जगह कृत्रिम पैर निशुल्क लगवाया। मात्र 3 साल की बच्ची जो कि किसी कारण बस पैर कट गया था , उसे कृत्रिम पर लगाया तो वह खुशी से झूम उठी । रोटरी क्लब ऐसे कार्यक्रम का आयोजन का सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर रही है । सोमवार की देर शाम तक कृत्रिम अंग लगवाने वाले लोगों की काफी भीड़ केशव कपूर मेमोरियल हॉस्पिटल में देखी गई । बचपन में ही अपने दो हाथ और एक पैर गवा बैठे नवादा नगर के माल गोदाम निवासी विनय कुमार सिन्हा ने कहा कि यह आयोजन होता था लेकिन मुझे जानकारी नहीं होती थी, रोटरी क्लब के सदस्यों ने मुझे जानकारी दी और मैं इसका लाभ उठाकर अपने दोनों हाथ और एक पर लगवाया। जिससे मैं अब आम लोगों की तरह जिंदगी जी सकता हूं । आयोजन 15 फरवरी से 17 फरवरी तक नगर के तीन नंबर बस स्टैंड स्थित केशव कपूर मेमोरियल हॉस्पिटल में किया गया । इस मौके पर इलेक्टेड एजी रोटेरियन नवीन कुमार सिन्हा छवि और रोटेरियन वजीर प्रसाद ने कहा कि रोटरी क्लब अपने विजन और मिशन में सफल हो रही है। कई लोग को जानकारी नहीं मिल पाई जिसके कारण वे लोग नहीं पहुंच पाए । रोटरी क्लब यह प्रयास करेगी कि इस तरह का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाए , जिससे कि पैसे के अभाव में इलाज करने में अक्षम रहे लोगों को समुचित इलाज हो सके ।। उन्होंने कहा कि इस हॉस्पिटल में रोटरी क्लब के द्वारा दिव्यांग जनों के लिए जो व्यवस्था किया गया है वह काफी सराहनीय है। साथ ही इस हॉस्पिटल में डायलेसिस की भी व्यवस्था आम जनों के लिए किया जाना है, जो काफी कम किफायत दर पर लोगों को लाभ मिलेगा। आगे भी ऐसे जनहित के कार्यों को करते रहने की उम्मीद जताया। वहीं रोटेरियन सह केशव कपूर मेमोरियल हॉस्पिटल के निदेशक बसंत कुमार ने कहा कि रोटरी क्लब के द्वारा जो अंग प्रत्यारोपण किया

गया । वह महावीर सेवा संस्थान कोलकाता के द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए रोटरी क्लब के हर लोग सदस्यों का सहयोग रहा । व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया गया है। शिविर में जिले के बाहर जहानाबाद, जमुई व कोलकाता से लोग लाभ लेने पहुंचे हैं। वहीं रोटेरियन डॉ आरपी साहू ने बताया कि कोरोना काल में भी रोटरी क्लब के द्वारा दो बार इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि लाखों रूपये खर्च कर लोग डॉयलेसिस कराते हैं, लेकिन यहां मात्र 15 सौ रूपये में डायलेसिस का लाभ मिलेगा। मौके पर रो अनिल भगत, इलेक्टेड अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष पियुष कुमार, सत्येन्द्र प्रसाद गुप्ता, अविनाश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, प्रो ओम प्रका, पंकज कुमार, डॉ पंकज कुमार सिन्हा, चेतन सुसरिया, डॉ राजकिशोर प्रसाद, डॉ नीरज तथा राकेश आनंद सहित दर्जनों रोटेरियन व समाजसेवी मौजूद थे।

पिछड़ा समाज की दशा और दिशा पर एक दिवसीय चर्चा, डॉ॰ अनुज ने रखी बात

लोक तंत्र कीआवाज

सुनील कुमार

नवादा । जिले के न्यू एरिया स्थित न्यू एरिया स्थित बहुउद्देशीय सभागार में पिछड़ा समाज की दशा दिशा पर आधारित एक दिवसीय परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता नवादा जिले के जाने-माने शिक्षाविद, समाजसेवी सह मॉडर्न समूह के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह ने की। इस अवसर पर पिछड़ा समाज को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाज के लोगों ने शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से विकसित करना उनका पहला कर्तव्य। आज भी पिछड़ा समाज कहीं न कहीं शिक्षा के मामले में पीछे है।उन्होंने पूरे सभा से एक शिक्षित समाज बनाने की अपील की। उपस्थित सभी लोगों से विनम्र अनुरोध किया कि सबसे पहले काम आप अपने आने वाली पीढ़ी को शिक्षित बनाएं।जब हमारा समाज शिक्षित होगा तभी उसका उचित विकास हो पाएगा।उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि पिछड़ी जातियों को विकास का जितना लाभ मिलना चाहिए था, उतना नहीं मिला। इस अवसर पर उपस्थित गोतरायन की कुमारी पूजा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछड़ा समाज अन्य समकक्ष समाजों की तुलना में अत्यधिक पीछे हुआ है। यह हमारे लिए चिंतन व मंथन का विषय है। पिछड़ा समाज में पुरुषवादी सोच व मानसिकता का अधिक हावी होना पिछड़ने का प्रमुख कारण है। यह मानसिकता अनपढ़ को तो छोड़ दीजिए, शिक्षित महिलाओं को भी घर की चारदिवारी से बाहर नहीं निकलने देती हैं। समाज को अपनी मातृशक्ति पर भरोसा करना होगा। उन्होंने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि नवादा में पहली बार किसी बुद्धिजीवी वर्ग के द्वारा समाज को एकजुट करने का कार्य किया जा रहा है। महादेव बीघा की सेवा निवृत शिक्षक कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि आज नवादा को शैक्षिक रूप से मजबूत बनाने में डॉ अनुज की सराहनीय भूमिका रही है। पर जो समुचित विकास होना चाहिए वह नहीं दिख रहा है, इसलिए उन्होंने आग्रह किया कि जिस तरह से आप नवादा को शिक्षित करने में लगे हुए हैं। नवादा के विकास के लिए आपको आगे आना होगा। उनकी बातों का समर्थन करते हुए पटवा सराय के उपसरपंच रविंद्र प्रसाद ने कहा कि आज नवादा को एक ऐसे जनप्रतिनिधि की जरूरत है जो निस्वार्थ भाव से विकास का कार्य कर सके। मौके पर अति पिछड़ा समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे वक्ताओं में से राजकुमार यादव दरियापुर,राजकुमार प्रसाद हरनारायणपुर,सुनील कुमार घंघौली, श्याम देव प्रसाद लोहरपुरा,बिंदेश्वर प्रसाद पूर्व मुखिया केना पंचायत, विजय यादव दलेलपुर,महेश प्रसाद कुशवाहा बस्ती बीघा सार्वजनिक रूप से अपने संबोधन में समाज को एकजुट होने की अपील की।

मेसकौर थाना पुलिस की लगातार छापेमारी से बालू माफियाओं में मचा हड़कंप

लोक तंत्र कीआवाज

मेसकौर। मेसकौर थाना पुलिस की लगातार छापेमारी की कार्रवाई से बालू माफियाओं के बीच हड़कंप मचा दिया है। रविवार एवं सोमवार को अवैध बालू के खनन और परिवहन के खिलाफ एक सघन छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें दो दिन में दो अवैध बालू लदे ट्रेक्टर को जब्त किया गया। मेसकौर थानाध्यक्ष रुपेश कुमार ने बताया की मेंसकौर थाना अंतर्गत ग्राम मिर्जापुर स्थित ढढर नदी से एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पकड़ा गया । चालक पुलिस को देखकर दूर से ही ट्रैक्टर को छोड़कर भाग गया अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

बालू माफियाओं में मचा हड़कंप : मेसकौर थाना पुलिस की इस छापेमारी ने बालू माफियाओं के बीच हलचल मचा दी है, मेसकौर पुलिस की कड़ी कार्रवाई से इन अवैध खनन करने वालों में खलबली मची हुई है। मेसकौर पुलिस इस मामले में और कड़ी कार्रवाई की योजना बना रहा है.मेसकौर थानाध्यक्ष रुपेश कुमार द्वारा चलाई गई ऑपरेशन अवैध खनन और बालू माफियाओं के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। अब देखना होगा कि मेसकौर पुलिस इस तरह की कार्रवाई को और कैसे बढ़ावा देता है और इन अवैध गतिविधियों को पूरी तरह से समाप्त करने में कितनी सफलता प्राप्त करता है।

बस ने बाइक सवार को रौंदा, हुई मौत, लोगों ने किया सड़क जाम

लोकतंत्र की आवाज

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावा। आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम, आवागमन घंटों रहा बाधित नवादा- जमुई स्टेट हाइवे पर पकरीबरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़की मड़हल गांव के समीप सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना सोमवार की प्रातः करीब 11 बजे की है, जहां पांडव नामक बस की चपेट में आकर युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। बस उसे रौंदते हुए थोड़ी दूर जाकर बिजली के पोल में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मृतक की पहचान छोटकी मड़हल गांव के हरेराम चौहान के 25 वर्षीय पुत्र प्रहलाद चौहान के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि युवक अपने घर से बाइक पर सवार होकर खपुरा मोड़ स्थित अपनी दुकान जा रहा था। इसी दौरान पकरीबरावां से नवादा की ओर जा रही पांडव बस की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पांडव बस काफी तेज रफ्तार में थी। आगे जा रहे एक दूसरे बस को ओवरटेक करने के चक्कर में बस चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इसके बाद बस चालक बस को भगाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई और वहीं पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस पर सवार कई यात्रियों को भी चोटें आई है।आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम- दुर्घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन एवं गांव वाले घटनास्थल की ओर दौड़े। देखते ही देखते वहां बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। इस बीच आक्रोशित ग्रामीणों ने नवादा-जमुई स्टेट हाइवे को घटनास्थल पर ही जाम कर दिया। इससे स्टेट हाइवे पर आवागमन बाधित हो गया। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। हालांकि ग्रामीणों द्वारा परीक्षार्थियों के वाहन एवं एंबुलेंस को नहीं रोका गया। दुर्घटना एवं जाम की सूचना पाकर मौके पर पकरीबरावां पुलिस पहुंची। थानाध्यक्ष सह थाना निरीक्षक रणजीत कुमार दलबल के साथ पहुंच ग्रामीणों को समझा- बुझाकर जाम हटवाने का प्रयास किए, परंतु ग्रामीण डीएम-एसपी को बुलाने पर अड़े रहे। ग्रामीणों का कहना था कि पांडव बस से हमेशा हादसा होता रहता है। बस चालकों के लाइसेंस की जांच की जाए। थानाध्यक्ष ने जांच का भरोसा दिलाया। साथ ही पारिवारिक लाभ योजना अंतर्गत 20000 हजार रुपए एवं कबीर अंत्येष्टि के तहत मुखिया के द्वारा 3000 रुपए दिया गया। थानाध्यक्ष एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समझाने एवं हर संभव मदद दिलाने के आश्वासन के बाद करीब 3 घंटे बाद जाम हटा। पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है। इसके साथ ही नवादा-जमुई पथ पर आवागमन बहाल हुआ परिजनों का रो-रोकर है बुरा हाल- सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। परिजन दहाड़े मार रो रहे हैं।

अनियंत्रित बोलेरो पिकअप ने खड़ी मिक्सर ट्रैक्टर में मारी जोरदार टक्कर, दो लोग रेफर

लोक तंत्र कीआवाज

रजौली। थाना क्षेत्र के पारबाध में बीते रात्रि सड़क के किनारे खड़ी सीमेंट मिक्सर ट्रैक्टर में अनियंत्रित बोलेरो पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर पर बैठे तीन मजदूर गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल मजदूरों को आसपास के लोगों के सहयोग से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. गजेंद्र कुमार ने बताया कि घायल मजदूरों की पहचान अकबरपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी पवन राजवंशी के पुत्र अजय राजवंशी,बौनु राजवंशी के पुत्र दिलखुश राजवंशी एवं कृष्ण राजवंशी के पुत्र दिलीप राजवंशी के रूप में हुई है. चिकित्सक ने बताया कि तीनों घायल मजदूरों का प्राथमिक इलाज किया गया है। वहीं घायल अजय राजवंशी के दाहिने आंख के नीचे बड़ा जख्म बन गया था एवं दिलखुश राजवंशी के सिर में गम्भीर चोटें आई है,जिसके कारण दोनों घायल मजदूरों को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है. वहीं घायल मजदूरों के साथ मे रहे सकलदेव राजवंशी ने बताया कि वे ढ़लाई के लिए गोपालपुर से रजौली आये थे. ढ़लाई का काम खत्म करने के बाद रात्रि को न्यू वाटिका होटल में खाना खाकर घर निकलने ही वाले थे,कि खड़ी ट्रैक्टर में अनियंत्रित बोलेरो पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी. इस टक्कर में सीमेंट मिक्सर मशीन में लगा एक 10 फीट लम्बा का लोहे का एंगल पिकअप के अगले भाग में घुस गया है. सड़क दुर्घटना के बाद पिकअप रुक गया था एवं पिकअप चालक शराब के नशे में धुत था. साथ ही पिकअप चालक ने अपने लोकल होने का भरपूर फायदा उठाया और लोगों को बुलाकर पिकअप को ले भागा. साथ हीं कहा कि पिकअप पर टमाटर एवं बैगन लदा हुआ था.वहीं सड़क दुर्घटना की खबर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार को दिए जाने पर गश्त में रहे पुलिस बल दुर्घटना स्थल पर पहुंचे.साथ ही पुलिस बल अस्पताल पहुंच घायल मजदूरों से जरूरी जानकारी ली.इस बाबत थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है.लिखित आवेदन मिलने के बाद अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

ग्रामीण चिकित्सकों की दशा दिशा पर विस्तार से चर्चा एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में की गई

लोक तंत्र कीआवाज

बख्तियारपुर। जनजीवक कल्याण एकता संघ आरएमपी के तत्वाधान में आयोजित ग्रामीण चिकित्सकों की दशा दिशा विषय पर एकदिवसीय चिंतन शिविर का क्षेत्रीय कार्यालय उद्घाटन एवं कैंसर रोग पर जागरूकता अभियान को लेकर कार्यशाला कार्यक्रम विधिवत प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न किया गया गौरतलाप है कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कई रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल होकर अपने-अपने विषयों पर ग्रामीण चिकित्सकों को प्रशिक्षण देकर परिपक्वता लाने के उद्देश्य से जागरूक किया जिसमें कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आफ्टर नोमानी हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ रंजीत कुमार ील्ल३ के विशेषज्ञ डॉक्टर वरुण कुमार एनेस्थेटिक चिकित्सा डॉक्टर कलीम अहमद आदि व्याख्यान देकर जनहित सेवा से जुड़े ग्रामीण चिकित्सकों को प्राथमिक उपचार हेतु क्लीनिक में तथा घर में संबंधित रोगों की दवा अवश्य रखें जिससे घर परिवारों के अलावे आम जनों को स्वास्थ्य की सुविधा में मददगर साबित होगा इसी करी में विशेष तौर पर कैंसर रोग विषय पर ग्रामीण चिकित्सकों को कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी है इसके लक्षण जब समय पर प्रकट हो जाए जांच की प्रक्रिया में समय पर हो जाए तो बचा जा सकता है इसे गंभीर बीमारी से डरने की नहीं इसके प्रचार प्रसार सावधानी के जरूरत पर बोल देते हुए डॉ आफ्टर नोमानी ने कहा कि तंबाकू शराब सेवन गुटका नशीली पदार्थ का सेवन से बचना चाहिए प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार शर्मा ने अपने अध्यक्ष भाषण में ग्रामीण चिकित्सक से संबोधित करते हुए कहा लगातार आप लोगों की क्षेत्रीय कार्यालय बनाने हेतु जो सपना था वह आज पूरा किया गया लोकेश इमरजेंसी हॉस्पिटल के निर्देश संघ के वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ मोहम्मद गुलाम शब्बीर के सौजन से कार्यालय की जगह देकर बहुत बड़ा उपकार किया इसके लिए उनके साथ साथ डॉक्टर आदिल रशीद डॉक्टर कलीम अहमद का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने ग्रामीण चिकित्सकों का दर्द छलका जिसे पूरा किया गया 15 दोनों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन इस प्रांगण में किया जाएगा उन्होंने कहा कि अपनी दशा दिशा पर चिंतन करते हुए कहा आप लोगों के लिए विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने प्रशिक्षण डिकर जनहित में बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है जिसका परिणाम से प्रशिक्षित आप सब हुए हैं इस प्रशिक्षण का शुक्र धार बनकर जदयू के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ लव सिंह ने मेरी आरजू पर प्रशिक्षण कराया गया आज भी समायोजन के लिए वचनबद्ध प्रतिबद्ध हूं केवल आप लोग जागरुक हो हकीकत को समझे और लोगों तक पहुंचाने का कष्ट करें उन्होंने अपील की इस मौके पर संघ के प्रदेश बरिये उपाध्यक्ष डॉक्टर गुलाम शब्बीर प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ परवेज अख्तर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कुमार परमवीर जिला अध्यक्ष डॉ विवेकानंद कुमार संरक्षक डॉक्टर कमलेश कुमार एवं प्रमंडल अध्यक्ष डॉक्टर राजीव रंजन कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित रहे इस मौके पर डॉ शर्मा की भूमिका की सराहना करते हुए कहा किसी भी समस्या पर खड़ा उतरकर संघ को मजबूत हेतु कुर्बानी दी और कई लोग इसे अलग होकर झंडा फहरा रहे हैं इनकी तारीफ जितनी भी की जाए कम होगी इनके अलावे कोई भी आपकी समस्या को हल नहीं कर सकते हैं डॉक्टर लवी सिंह के यह हनुमान है इनके नेतृत्व को जानो पहचाना इसकी आवश्यक जरूरत है मंच का संचालन प्रमंडल अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बखूबी निभाते हुए कर एक झूठ होने का आवाहन किया धन्यवाद ज्ञापन लोकेश हॉस्पिटल के निर्देशक डॉक्टर आदिल रशीद ने विशेषज्ञ किसको एवं ग्रामीण चिकित्सकों को स्वागत किया और उन्होंने उम्मीद जताते हुए इस तरह का प्रशिक्षण केंद्र में सबों को प्रशिक्षण दिया जाएगा बधाई व शुभकामना देते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार शर्मा को आभार प्रकट किया मौके पर उपस्थित लोग कोने कोने से आप लोगों में डॉक्टर विमल किशोर डॉ रंजीत कुमार डॉ राजीव रंजन श्रीवास्तव वीरेश कुमार डॉक्टर श्रीमती भारती डॉक्टर श्रीमती रेखा कुमारी अपने-अपने विचार रख एकजुट बनाए रखने के अपील किया।

मैट्रिक परीक्षा स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में होगा सम्पन्न, डीएम -एसपी ने किया संयुक्त ब्रीफिंग

लोक तंत्र कीआवाज

सुनील कुमार

नवादा। बिहार वार्षिक माध्यमिक (सैद्धांतिक) परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए नगर भवन, नवादा में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में ब्रीफिंग की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि दिनांक 17 फरवरी 2024 से 25 फरवरी तक होने वाली वार्षिक माध्यमिक परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न होगी। परीक्षा में प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं केन्द्राधीक्षकों को परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी केन्द्राधीक्षक और प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को सही तरीके से फ्रिस्किंग करने का निर्देश दिये। परीक्षावधि प्रथम पाली 09:30 बजे पूर्वा0 से 12:45 बजे अप0 तक तथा द्वितीय पाली 02:00 बजे अप0 से 05:15 बजे अप0 तक होगी। जिले में कुल 27 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं। नवादा शहर में 15, वारिसलीगंज प्रखंड मुख्यालय में 03, हिसुआ प्रखंड मुख्यालय में 02 एवं रजौली अनुमंडल मुख्यालय में 07 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं। जिनमें 04 परीक्षा केन्द्रों (प्रोजेक्ट इंटर विद्यालय नवादा, कन्हाई इंटर विद्यालय नवादा, ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल नवादा एवं कन्या इंटर विद्यालय नवादा) को आदर्श परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। सभी

आदर्श परीक्षा केन्द्रों पर सभी प्रकार के आधारभूत सुविधा को बेहतर ढ़ंग से सुसज्जित किया गया है। परीक्षार्थियों पर परीक्षा का दबाव कम करने के लिए कई सुविधा प्रदान की गयी है। बैठक में केन्द्राधीक्षक, स्टैटिक दंडाधिकारी आदि से उनके किये गए तैयारियों के संबंध में फिडबैक प्राप्त किया गया और बेहतर ढ़ंग से परीक्षा संचालन के लिए कई आवश्यक निर्देश दिया गया। परीक्षा केन्द्र पर यदि निर्धारित प्रवेश के समय के बाद विलंब से आने वाला कोई परीक्षार्थी अवैध रूप से चहारदिवारी से कूदकर अथवा गेट पर जबरदस्ती एवं अवैध रूप से परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करता हुआ पाया जाता है, तो ऐसे मामले को क्रिमिनल ट्रेसपास मानते हुए परीक्षार्थी को परीक्षा से निष्कासित किया जायेगा तथा उसके विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की जायेगी। साथ ही ऐसे परीक्षार्थी को केन्द्राधीक्षक द्वारा यदि परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाती है, तो केन्द्राधीक्षक एवं अन्य चिन्हित व्यक्ति के विरुद्ध निलम्बन एवं प्राथमिकी दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर द्वारा केन्द्राधीक्षकों को सख्त निर्देश दिया गया कि किसी भी परीक्षा केन्द्र में कदाचार या अवैध कार्य करते पाया जायेगा तो केन्द्राधीक्षक पर विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी, वीडियोग्राफी, लाउडीस्पीकर आदि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा केन्द्र के 500 मीटर की परिधि में फोटो स्टेट दुकान का संचालन बंद रहेगा।

सिरदला: प्रजापिता ब्रह्मकुमारी बहनों ने चलाया नशा मुक्त भारत अभियान

लोकतंत्र की आवाज

प्रदीप प्रसाद संवाददाता

सिरदला नवादा-प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने ₹नशा मुक्त भारत अभियान₹ के तहत सिरदला के अकौना गाँव, इंटर विद्यालय सिरदला में अभियान चलाकर स्कूली बच्चों तथा लोगों को जागरूक किया। इस अभियान के अंतर्गत सिरदला के विद्यालयों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत सरकार के सामाजिक न्याय और सहकारिता विभाग एवं नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से ब्रह्मकुमारी के मेडिकल विंग ₹नशा मुक्त भारत अभियान₹ चलाया जा रहा है। विश्व में शराब का सेवन अधिक मात्रा में किया जाता है 60% से अधिक सड़क दुर्घटनाओं का कारण शराब है। बहुत काल का शराब सेवन से सिरोसिस मस्तिष्क का कार्य प्रणाली का नियंत्रण और उच्च रक्तचाप हो सकता है। ब्रह्माकुमारी मेडिकल विंग राजयोग एजुकेशन और रिसर्च फाउंडेशन माउंट आबू राजस्थान के द्वारा भारत सरकार के सहयोग से चलाया जा रहा है।स्थानीय सेवा केंद्र संचालिका पूर्णिमा दीदी ने कहां की नशा व्यक्ति और परिवार को नष्ट कर देता है। आर्थिक और सामाजिक स्तर पर नुकसान पहुंचती है। उन्होंने सभी से अपील किया कि अपने मित्रों और परिजनों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। बीके सुनीता दीदी ने कहा कि नशे की लत परिवार की आर्थिक और नैतिक प्रगती को बाधित करती है। हमें लोगों को समझाना होगा कि वर्षों पहले पारिवारिक स्थिति कैसी थी,और आज किस ओर बढ़ रहा है। इसके पहले सेवा केंद्र परिसर में शिव ध्वज फहराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिरदला के वनपाल दीपक कुमार मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें ।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ से हुई मौतों एवं सहारा इंडिया द्वारा बेगुनाह जमाकर्ताओं का भुगतान नहीं किये जाने के सम्बन्ध में सौंपा गया ज्ञापन

सीतापुर राकेश पाण्डेय
सीतापुर। आजाद अधिकार सेना के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्र के नेतृत्व में आज नई दिल्ली रेलवे स्टेशन दुर्घटना मामले को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए भारत के राष्ट्रपति के नाम प्रत्यावेदन सौंपा गया। आजाद अधिकार सेना संगठन का मानना है कि मृतकों तथा घायलों को दिया गया मुआवजा बहुत ही कम है क्योंकि यह दुर्घटना पूरी तरह सरकार और रेलवे प्रशासन की नाकामयाबी का नतीजा है पार्टी ने प्रत्येक मृतक के लिए एक करोड़ तथा प्रत्येक घायल के लिए पचास लाख रुपए का मुआवजा दिए जाने की मांग की है। पार्टी ने इस घटना के लिए जिम्मेदार दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराकर कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग के साथ ही पार्टी ने रेल विभाग तथा रेल मंत्रीअश्विनी वैष्णव को गैर जिम्मेदार बताते हुए उन्हें तत्काल मंत्री पद से हटाए जाने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपने के समय चन्द्र भान सक्सेना प्रदीप कुमार माथुर राज कुमार श्रीवास्तव सुशील कुमार मिश्र आदि उपस्थित रहे।

बिजनौर : पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

आवाज रिपोर्ट मुकेश सिंह
अफजलगढ़। एसपी अभिषेक झा के निर्देश पर थानाध्यक्ष सुमित राठी के नेतृत्व में क्षेत्र में अपराधियों सहित वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थानाध्यक्ष सुमित राठी ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर क्षेत्र में वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक टीम गठित की गई जिसमें एसआई यशपाल सिंह, एसआई राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की। छापामारी के दौरान अलग-अलग स्थानों से पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। वारंटियों के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। जिसके आधार पर छापेमारी के दौरान नन्हे सिंह पुत्र गोकल निवासी गांव खुशहालपुर थाना अफजलगढ़ व राजू पुत्र सोहन सिंह निवासी गांव मानियावाला थाना अफजलगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। टीम में एसआई यशपाल सिंह, एसआई राजीव कुमार, हेड कांस्टेबल विपिन कुमार तथा कांस्टेबल शुभम चौधरी आदि उपस्थित रहे।

महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओ को सुद्रण बनाने हेतू पुलिस अधीक्षक व अपर जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन का जायजा लिया

उरई जालौन । महाकुंभ2025प्रयागराज को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक जालौन डा दुर्गेश कुमार व अपर जिला अधिकारी संजय कुमार द्वारा प्रयागराज तीर्थस्थल जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे स्टेशन उरई में सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लेकर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये । और प्रयाग राज जाने वाली ट्रेन में श्रद्धालुओं को सुविधा पूर्वक पहुंचाने की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त की । इस मौके पर सी ओ सिटी अर्चना सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे

स्कूली बस घुसी दुकान में, कई बच्चे जख्मी

रिपोर्ट रोहित कुमार
स्योहारा। आज सुबह स्कूल की बस में सवार होकर गांव से स्कूल जा रहे मासूमों में उस समय चीख पुकार मच गई जब बस एक दुकान में जा घुसी, घटना में कुछ बच्चे मामूली रूप से घायल बताए जा रहे हैं। प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय एम एम स्कूल में लगी बस आज सुबह ग्राम रेनी से बच्चों को स्कूल परीक्षा दिलाने आ रही थी बताया जा रहा है। कि बस चालक की लापरवाही से बस सड़क किनारे स्थित एक परचून की दुकान में जा घुसी हालांकि उस समय दुकान पर भी कोई ग्राहक आदि नहीं था। जिसके चलते एक बड़ा हादसा होने से बच गया लेकिन बस में सवार तीस बच्चों में से मोहिनी पुत्री अतुल विश्नोई, गोरी शर्मा पुत्री आशु शर्मा व अन्य कुछ और बच्चे भी मामूली चोटिल बताए जा रहे हैं। वहीं स्कूल प्रबंधक ने बताया कि सभी बच्चे सकुशल हैं और कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है।

सीतापुर : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जारी किया अनिश्चित कालीन धरना

कुछ जिम्मेदार भृष्ट अधिकारियों के संरक्षण की वजह से जनपद में फल फूल रहे है भ्रष्टाचारीप्त सुनील राजवंशी

लोकतंत्र की आवाज

सीतापुर राकेश पाण्डेय।
सीतापुर। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने विकास भवन के सामने धरना स्थल पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंचायत विभाग में हो रहे भृष्टाचार व भृष्टाचारियों को संरक्षण दे रहे कुछ जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अनिश्चित कालीन धरना का बिगुल खोल दिया है। राजवंशी ने बताया कि जारी दिशा निर्देशानुसार शपथ पत्र व साक्ष्यों के साथ जनपद के विभिन्न विकास खण्डों में किये जा रहे सरकारी धन के दुरूपयोग को लेकर लगातार जिला प्रशासन को अवगत कराया गया उसके बाद भी कार्यवाही लम्बित चल रही है।जिससे जहां एक तरफ विकास कार्य धरातल पर नही पहुंच रहे हैं वहीं भृष्टाचारी फल फूल रहे है। विकास खण्ड बिसवां व महमूदाबाद में कंसल्टिंग इंजीनियरों के द्वारा विकास कार्यो में मानक विहीन निर्माण करवाकर भृष्टाचार किया जा रहा है।उसके बावजूद भी जिम्मेदार, बंदर बांट कर रहे सचिव व प्रधानों की पत्र लगाकर शिकायत का निस्तारण कर रहे है। विकास खण्ड ऐलिया में विकास कार्यो में भृष्टाचार किया जा रहा है। उसके बावजूद भी जिम्मेदार कोई ध्यान नहीं दे रहे है। जनपद के विभिन्न विकास खण्डों में मनरेगा को लेकर शिकायत दी गई लगातार पुरानी फोटो अपलोड करके भृष्टाचार किया जा रहा है,लेकिन दी जा रही शिकायतों पर कार्यवाही लम्बित है।पिसावां विकास खण्ड की ग्राम पंचायत कुंइयाडीह में साक्ष्य सहित शिकायत दी गई लेकिन जिम्मेदार मात्र कागज पूर्ति कर रहे है। इसी प्रकार विकास खण्ड ऐलिया के प्रधान देवर के नाम पर चल रही फर्म पर विकास खण्ड महोली व ऐलिया में लगातार सचिवों द्वारा जारी आदेशों को दरकिनार कर भुगतान किया जा रहा है लेकिन जिम्मेदार कोई ध्यान नहीं दे रहे है। विकास खण्ड परसेण्डी की ग्राम पंचायत जरेली में सचिव द्वारा प्रधान के निजी खाते में पच्चीस लाख से अधिक का भुगतान किया जा चुका है शपथ पत्र शिकायत देने के बाद भी जिम्मेदार कोई ध्यान नही दे रहे है। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राज भर जो कि भारतीय जनता पार्टी का समर्थित दल है व राजभर पंचायत विभाग के कबीना मंत्री है उसके बाद भी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं में हो रहे भृष्टाचार को लेकर लगातार आवाज उठाई जा रही है जिससे मुख्यमंत्री की योजनाएं धरातल पर भृष्टाचार मुक्त होकर पहुंच सके।जिस सम्बन्ध में भृष्टाचार मुक्त विकास के लिये जनपद के जिला अधिकारी भी लगातार प्रयासरत है उसके बाद भी कुछ जिम्मेदार भृष्ट अधिकारियों के संरक्षण की वजह से जनपद में भृष्टा चारी फल फूल रहे है और विकास निधि की धनराशि का बंदर बांट कर रहे है। जो कि बहुत ही निन्दनीय है पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा यह धरना लगातार अनिश्चित कालीन समय तक जारी रहेगा अगर भृष्टाचार के खिलाफ जल्द ही जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्यवाही नही की गई तो आवश्यकता पड़ने पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता लखनऊ पैदल मार्च भी करेगें। इस मौकेपर जिलाध्यक्ष कुलदीप रावत,जिला सचिव संजय सिंह राठी,जिलाध्यक्ष अल्पसंख्य मोर्चा नूर हसन, जिला महासचिव नरेन्द्र राजवंशी, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र यादव,ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप पाल,शैलेन्द्र राजवंशी अनूप राज,सतेंद्र प्रताप, संजय राज,अरविन्द भार्गव, अनुपम,नौशाद अहमद आदि भारी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बिजनौर : जिला प्रशासन व भाजपा नेताओं ने किया खेल के मैदान का भूमि पूजन

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह
नजीबाबाद विकासखंड के ग्राम नियामतपुर में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल के प्रयासों से ग्रामीण युवाओं के शारीरिक विकास के लिए खेल का मैदान बनाया जा रहा है। इसकी आधारशिला रखी गई और भूमि पूजन हुआ। खेल के मैदान की आधारशिला व भूमि पूजन जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र बॉबी, ग्राम प्रधान व एडीएम प्रशासन विनय कुमार के द्वारा रखी गई। वहीं हवन पूजन किया गया व भूमि पर पांच ही ईट से कार्य प्रारंभ करने के साथ साथ पौधारोपण भी किया गया। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने बताया कि इस स्टेडियम के लिए कोई धनराशि सरकार से स्वीकृत नहीं है, लेकिन वह ग्रामीण युवाओं के भविष्य को देखते हुए और उनके खेल के मैदान का भूमि पूजन करते भाजपा नेता। सपने को पूरा करने के लिए अपने जनप्रतिनिधियों व स्थानीय नागरिकों के सहयोग से इस कार्य को पूरा करेंगे। छः से आठ माह के अंतर्गत इस कार्य को पूरा किया जायेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप ने बताया कि बच्चों के विकास में शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक विकास भी बहुत आवश्यक है। वह स्टेडियम तक का रास्ता सड़क अपनी जिला पंचायत निधि से बनाएंगे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान हरविंदर कौर, ग्राम प्रधान सतविंदर, प्रधान संघ से प्रशांत चौधरी, अर्पण चौधरी, धीर सिंह, ब्रजराज सिंह, हरिंदर सिंह, ओंकार सिंह, शौकीन सिंह, विशाल ढ़ाका, तेजपाल सिंह, जबरे सिंह आदि उपस्थित रहे।

स्टांप कमी के लंबित वादों का निस्तारण एक मुश्त समाधान योजना में निस्तारण कराए 31,मार्च तकः एडीएम

लोकतंत्र की आवाज

उरई । अपर जिलाधिकारी(वि०/रा०) संजय कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय के आदेश दिनांक 11.02.2025 द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश दिनांक 26.12.2024 द्वारा स्टाम्प कमी के वादों/अपीलों/निगरानी पर ₹एक मुश्त समाधान योजना दिनांक 31.03.2025 तक प्रभावी की गयी है। जिसमें इच्छुक पक्षकार स्टाम्प कमी, निबंधन शुल्क की धनराशि तथा ब्याज के साथ एक ₹मात्र 100 रू० के टोकन₹ अर्थदण्ड पर स्टाम्प कमी के लम्बित वादों का निस्तारण कराये। योजना मात्र 31.03.2025 तक प्रभावी है। इस अवसर का लाभ उठायें।

यूपी बोर्ड परीक्षा पारदर्शी शांतिपूर्ण तरीकों से संपन्न कराई जायः डीएम

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
बलिया। कोई भी व्यक्ति गलत गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध उ0प्र0 सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 के अंतर्गत की जाएगी कार्यवाही जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने गंगा बहुउद्देशीय सभागार में यू0पी0 बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए जोनल/सेक्टर/ स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापक/वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने जोनल/सेक्टर/ स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापक/वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों को उनके कार्यों/दायित्वों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सौंपे गए कार्यों/दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारीपूर्वक किया जाय।

शासनादेश एवं सुरक्षा के सभी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए यूपी बोर्ड परीक्षा पारदर्शी, शुचितापूर्ण, नकल विहीन एवं शांतिपूर्ण तरीकों से संपन्न कराई जाय। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग पर रोक लगाए जाने के संबंध में उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 लागू की गई है, जिसमें बहुत ही कड़े प्रावधान किए गए हैं। कोई भी व्यक्ति गलत गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंचे। सी.सी.टी.वी. के माध्यम से निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी परीक्षार्थी प्रतिबंधित सामाग्री परीक्षा कक्ष में लेकर न जाने पाए। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कहा कि यूपी बोर्ड परीक्षा नकल विहीन, शुचितापूर्ण, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराई जाय। सभी लोग अपने कार्यों/ दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी पूर्वक करें। उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 लागू हैं, जिसमें कड़े प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल की आवश्यकता होने पर तत्काल अपर पुलिस अधीक्षक या उन्हें अवगत कराए। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित यू.पी. बोर्ड परीक्षा दिनांक 24 फरवरी 2025 से 12 मार्च 2025 तक आयोजित की जाएगी। जनपद में कुल 163 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यूपी बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन, शुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए 07 जोनल मजिस्ट्रेट, 25 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 163 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 163 केंद्र व्यवस्थापक एवं 163 वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ 06 सचल दल टीमों का भी गठन किया गया है।

अच्छे समाज की परिकल्पना के उद्देश्य से नशे से दूर रह कर शाका हारी बनने के लिए समाज को जागरुक कर रहे हैं जय गुरुदेव के उत्तराधिकारी

लोकतंत्र की आवाज

सीतापुर राकेश पाण्डेय
सीतापुर। संत बाबा जय गुरुदेव महाराज के उत्तराधिकारी संत पंकज महाराज के साथ चौंसठ दिनों से लगातार चल रही धर्म यात्रा शाकाहार- सदा चार एवं प्रभु की भक्ति के प्रति भाव जगाते हुये सायं काल जिले के हरगांव विकास खण्ड अन्तर्गत स्थित ग्राम जरथुआ हिलाल पुरवा पहुंची। जहां पर स्थानीय बहनों भाईयों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर फूल मालाओं के साथ पुष्प वर्षा कर वाद्य यन्त्र आरती की थाल सजाकर भव्य स्वागत किया। यहाँ आयोजित सत्संग समारोह में संत पंकज महाराज ने अपने सम्बोधन में ''सत्संग जल जो कोई पावै, मैलाई सब कटि-कटि जावै''।पंक्तियों को उद्धृत करते हुये कहा कि महा पुरुषों का सत्संग बड़े भाग्य से मिलता है और सत्संग से मनुष्य में विवेक जागृत होता है। तब मानव जीवन पाने के उद्देश्य का पता चलता है। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य बड़ा हुआ तो मन इन्द्रियों के घाट पर विषय विकारों में फंस कर उस परम पिता परमात्मा को भूल गया।यह आत्मा जिसके कारण हमारा आपका शरीर चल रहा है, वह शब्द (नाम) के द्वारा यहां लाई गई और उसका साथ शब्द से टूट गया। उसे बोध नहीं रहा कि हम कहाँ से आये? मरने के बाद हम कहाँ जायेंगे? हमारे रिश्तेदार व अन्य लोग मरने के बाद कहाँ जा रहे हैं? ये मानव मात्र के जटिल प्रश्न हैं। ये प्रश्न तब तक हल नहीं होंगे जब तक कि प्रभु को

प्राप्त करने वाले सन्त महात्मा न मिल जायें। ऐसे गुरु की प्राप्ति से जीवन सफल हो जाता है।

उन्होंने ''मिली नर देह यह तुमको,बनाओ काज कुछ अपना'' को उद्धृत करते हुये कहा यह अनमोल मानव शरीर आप को मिल गया है इससे अपना आत्म कल्याण करा लें। यही जीवन का असली लक्ष्य है।

उन्होंने इस कलयुग में महा पुरुषों ने गृहस्थ आश्रम को सबसे अच्छा आश्रम बताया क्योंकि कलयुग में अन्न में प्राण है।यदि भगवान के नाम पर घरबार छोड़ दिया तो भी जीने के लिये कुछ व्यवस्था करनी पड़ेगी। सन्तों ने इस कलयुग में सुरत-शब्द योग (नाम योग) की सरल साधना जारी किया। महाराज ने साधना की युक्ति बताते हुए समझाया तथा साधना के लिये प्रेरित किया। उन्होंने शाकाहार पर जोर देते हुये ''तिल भर मच्छी खाइ कै,कोटि गऊ दे दान, काशी करवट ले मरै तो भी नर्क निदान।।'' को उद्धृत कर कहा कि महात्माओं ने तो तिल भर मच्छी खाने पर भी नर्क में भोग भोगना पड़ता है।मनुष्य तो शाका हारी प्राणी है। जिस शराब को पीने से मां, बहन, बेटी की पहचान तक खत्म हो जाती है,उसको पीने से अच्छे, बुरे का ज्ञान कैसे होगा। महात्माओं ने अहिंसा परमो धर्मः का उपदेश किया।संत महराज ने समाज के सभी लोगों से शाकाहारी और नशा मुक्त रहकर अच्छे समाज के निर्माण में भागी दार बनने की अपील आम जनमानस से की। महाराज ने आगामी तेरह से पन्द्रह मार्च तक जय गुरु देव आश्रम मथुरा में होने वाले होली महापर्व पर पधारने का निमन्त्रण भी सभी को दिया।समारोह में पुलिस प्रशासन के मिल रहे सहयोग को सराहा।अब जनजागरण यात्रा अगले पड़ाव हेतु जयगुरुदेव आश्रम तम्बौर रोड रंगवा, लहरपुर के लिये प्रस्थान कर गई। जहां पर अप. 12.30 बजे से सत्संग कार्यक्रम आयोजित है। इस अवसर पर गोपीचन्द, गजराज वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, महाबीर राज, प्रदीप, राम उजागिर चैधरी, आशाराम, अरुन वर्मा, गिन्नी लाल, परसुराम यादव, सन्तराम मौर्य आदि उपस्थित रहे।

8 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत को लेकर अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं जिले के सभी बैंकों के अधिकारियो के साथ बैठक की : जिला जज

लोक तंत्र की आवाज

उरई । मा0 उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 08 मार्च 2025 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु माननीय जनपद न्यायाधीश श्री अचल सचदेव के कुशल मार्ग दर्शन में आज जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक एवं जिले के समस्त बैंको के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक जिला दीवानी न्यायालय परिसर में सम्पन्न हुयी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला जज श्री राजीव सरन ने सभी बैंक प्रबन्धकों से कहा कि बकाया ऋण के ऐसे मामले जिनमें सुलह-समझौते की सम्भावना हो किन्तु वह पूर्व की लोकअदालतों में नियत न किये गये हो, को प्राथमिकता के आधार पर आगामी राष्ट्रीय लोकअदालत हेतु चिन्हित किया जाना चाहिये। ऐसे चिन्हित मामलों की सूची और उनके दावे/वादपत्र तत्काल तैयार कराकर अतिशीघ्र अग्रिम कार्यवाही हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में दाखिल किया जाये। उन्होंने बैंक प्रबन्धकों को यह भी हिदायत दी कि मात्र संख्या बढाने के उद्देश्य से प्रकरणों की सूची न तैयार की जाये बल्कि इस बात पर जोर दिया जाये कि किस प्रकार से अधिक से अधिक ऋणी उपभोक्ताओं को लोकअदालत के मंच का लाभ मिल सके। इसके लिये बैंक प्रबन्धकों को चाहिये कि वह अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ यथा-आवश्यक वार्ता एवं इस सम्बन्ध

समुचित कार्यवाही करके यह सुनिश्चित कर ले कि एन०पी०ए० की संख्या में कैसे कमी लायी जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी बैंक अधिकारी ऋणी उपभोक्ताओं को ब्याज में अधिक से अधिक छूट देने के लिये आवश्यक तैयारी पहले से कर ले। उन्होंने कहा कि विगत लोक अदालतों में कई बकायेदार रकम जमा करने को तैयार दिखायी दिये थे लेकिन बैंकर्स ने उन्हें अपेक्षित सहयोग नहीं दिया। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति इस बार नहीं होनी चाहिये। बैंकों के अधिकारियों को अवगत कराया गया कि इस लोक अदालत हेतु बैंकों के बकाया ऋण/एन0पी0ए0 से सम्बन्धित मामले प्री-लिटिगेशन केस के रूप में चिन्हित किये जा रहे हैं, जिनमें कम से कम दो बार नोटिस भेजे जाये तथा नोटिसों के प्रेषण के साथ राष्ट्रीय लोकअदालत के प्रचार-प्रसार हेतु पैम्फलेट्स का भी वितरण किया जाये। बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक प्रतिनिधि सर्वश्री अमन कुमार, जे0डी0सी0बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक अरविन्द कुमार सिंह, भारतीय स्टेट बैंक प्रबन्धक श्री सुरजीत सिंह, आर्यावर्त बैंक कृष्णकान्त, बैंक आफ बड़ौदा से श्री नरेश कुमार मीना, कैनरा बैंक से विवेक कुमार, पंजाब एण्ड सिंध बैंक से शरद नागर, बैंक आफ महाराष्ट्र सुश्री श्रेया सिंह, एक्सिस बैंक श्री विकास द्विवेदी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत महिलाओ के कानूनी अधिकारों को लेकर जानकारी दी

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह
नगीना। महिला उत्पीड़न को लेकर केंद्र एवं प्रदेश की सरकारें बेहद गंभीर हैं। महिलाओं के उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने के लिए अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण के बैनर तले महिलाओं को सुरक्षा लाभ और उनके कानूनी अधिकारों से संबंधित जानकारी दी गई। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण के बैनर तले महिलाओं को सुरक्षा सम्बन्धी जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को तहसीलदार प्रभा सिंह के नेतृत्व में नगर के कई जगहों पर आयोजित कार्यक्रम में यौन उत्पीड़न से महिलाओं की सुरक्षा संबंधित जानकारी

देते हुए उन्हें कानून से मिलने वाली सहायता के लिए जानकारी दी गई साथ ही महिला उत्पीड़न के लिए सरकार द्वारा जारी टोल फ्री नंबर, महिला सशक्तीकरण और उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से महिलाओं को बताया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे। जबकि अंचल कुमार के द्वारा सराहनीय जागरूकता अभियान चलाया गया। महिलाओं ने आयोजित कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपने लाभ व कानूनी अधिकारों की जानकारी हासिल की। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने सरकार का आभार जताते हुए कार्यक्रम में मौजूद सभी अधिकारियों व अंचल कुमार की सराहना की।

संक्षिप्त खबरें ।

महिला विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय लखीसराय की गलियों में लगा जाम,विद्यार्थी को सेंटर में जाने में परेशानी

लोक तंत्र कीआवाज
लखीसराय । सोमवार 17 फरवरी से मैट्रिक की परीक्षा शुरू हो गई है। इसको लेकर तमाम विद्यालयों के नजदीक विद्यार्थियों समेत अभिभावक की भीड़ लग गई। इसी क्रम में महिला विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय लखीसराय पुरानी बाजार में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 हेतु आदर्श परीक्षा केंद्र बनाया गया। इस परीक्षा केंद्र पर पहुंचने वाले विद्यार्थियों समेत अभिभावक की भीड़ के साथ आने जाने वाले मोटरसाइकिल और ठेला वालों की भीड़ के कारण इस सकरी गली में जाम लग गया इससे विद्यालय में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वही विद्यालय के बाहर भीड़ को नियंत्रित करते कुछ पुलिस जवान भी परेशान दिखाई दिए। परीक्षा केंद्र से बार बार माइकिंग के जरिए सूचित किए जा रहा था कि विद्यार्थियों को प्रवेश करने के लिए जगह दे दे, स्थिति इस तरह बनी थी कि छात्राओं को मामूली सौ से दो सौ फिट की दूरी तय करने में काफी समय लग गया।

बीडीओ ने मृतक के परिजन को दिया सहायता राशि का चेक

लोकतंत्र की आबाज
मोरवा/समस्तीपुर। सोमवार को बीडीओ अरुण कुमार निराला ने मोरवा उत्तरी पंचायत के पोखर में डूबकर मरे स्वर्गीय राजकुमार सादा की विधवा पत्नी को मुख्यमंत्री सहायता राशि के बीस हजार रुपए का चेक दिया। बीडीओ ने बताया की बीते वर्ष पानी में डूबने के कारण राजकुमार सादा की मौत हो गई थी। इसी को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री सहायता राशि का चेक स्वर्गीय राजकुमार सादा की पत्नी कांति देवी को प्रदान किया गया है। मौके पर विजय कुमार, पिंकेश कुमार आदि मौजूद थे।

दिल्ली ट्रेन दुर्घटना का असर भागलपुर स्टेशन पर भी दिखा

लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
भागलपुर। दिल्ली में ट्रेन दुर्घटना का असर भागलपुर स्टेशन पर भी पड़ा।रेल प्रशासन ने भिड़ को नियंत्रित करने के लिए रविवार को मेगा ब्लॉक लिया। जिस कारण कई प्रमुख ट्रेनें रद्द कर देनी पड़े ।रद्द ट्रेनों में विक्रमशिला एक्सप्रेस सहित तमाम लंबी दूरी की गाड़ियां रद्द रही। स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ बेटा बेतहास बढ़ने लगी। रेल प्रशासन के हाथ पांव फूलने लगे। प्रशासन ने लोगों को बहुत मुश्किल से समझा बूझकर शांत कराया ।रात 11:30 बजे पहली ट्रेन फरक्का एक्सप्रेस थी। जिसमें कुछ यात्री चढ़ पाए कुछ स्टेशन पर रह गए।जीआरपी और आफ के सैकड़ो जवान यात्रा सुचारू रूप से परिचालन करने के लिए लग रहे। फिलहाल कुंभ यात्रियों की संख्या ज्यादा बढ़ने से प्रशासन में असमंजस की स्थिति हो गई ।प्रशासन अपने स्तर पर भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है।

जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने कहा कराया जाएगा ऐतिहासिक कबीर मठों का जिर्णोद्धार

लोकतंत्र की आबाज
रामजी कुमार
समस्तीपुर। सोमवार को भारत सरकार के केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री एवं मुजफ्फरपुर के लोकप्रिय सांसद डॉक्टर राज भूषण चौधरी कबीर मठ लेवधन पहुंचे। वही मठाधीश महंत अमित गोस्वामी के द्वारा उन्हें पाग माला चादर से सम्मानित किया गया। पटना पादरी हवेली पटना सिटी के पूर्व महंत सुदर्शन गोस्वामी के उत्तराधिकारी महंत अमित गोस्वामी से मिले एवं पटना सिटी पादरी हवेली के इकाई शाखा मठ वैशाली जिला में दो अवस्थित कबीर मठ आश्रम पातेपुर प्रखंड के अंतर्गत जिसमें केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री कबीरपंथी लेवधन पहुंचे। साथ में बोले सरकार से बहुत जल्द इस ऐतिहासिक कबीर मठ को जिर्णोद्धार कराया जाएगा। मौके पर मठ के मठाधीश महंत अमित गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

बरहरवा के विन्दुवासनी हाल्ट परिसर में तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन का समापन

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख
बरहरवा। मालदा डिवीजन अंतर्गत बिन्दुबासनी हॉल्ट स्टेशन में बिन्दुबासनी स्टेशन संघर्ष समिति के बैनर तले पूर्ण स्टेशन घोषित करने एवं विभिन्न ट्रेन की ठहराव के मांग को लेकर आज तीसरे एवम अंतिम दिन भी शांति पूर्वक धरना-प्रदर्शन किया गया,जिसमे कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान भी धरना प्रदर्शन के समर्थन में सैकड़ों समर्थकों के साथ शामिल हुए।

शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन में ग्रामीणों ने विभिन्न मांगों की पट्टा लेकर रेल प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। बरकत खान ने अपने सम्बोधन में कहा कि कोरोना काल के पूर्व ट्रेन संख्या 53433,53053 तथा 53022 का ठहराव बिंदुवासिनी हॉल्ट में होता था,लेकिन कोरोना काल के बाद उक्त ट्रेनों का ठहराव बिंदुवासिनी हॉल्ट में में बंद कर दिया गया है जिससे व्यवसायिक वर्ग,छात्र-छात्राओं एवं आम जनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

उक्त ट्रेनों का ठहराव पूर्व की भांति विंध्यवासिनी हॉल्ट में हो, साथ ही विंध्यवासिनी हॉल्ट को पूर्ण रुप से स्टेशन घोषित किया जाए तथा मालदा बर्धमान पैसेंजर ट्रेन को चालू कर इसका ठहराव मालदा से रामपुरहाट तक सभी रेलवे स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाए। बरकत खान ने मीडिया को अपने सम्बोधन मे बताया कि अगर उक्त मांगे पूरी नहीं होती है तो आगे उग्र जन आन्दोलन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में लोगों ने अपनी मांगों को लेकर केन्द्र सरकार एवं रेल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, मोरसलीम खान,हजरत अली,मोहम्मद इकबाल,मुखिया इश्तियाक हुसैन,सद्दाम हुसैन,अनंत लाल भगत,भोला महतो, दिनेश तुरी,छोटेलाल रामानी,असगर अली, शुभजित मिश्रा,मोती अंसारी,दाऊद शेख, दौरान चौधरी,अकबर खान, खैरुल मुफाक,अनारूल खान, सुकरान, जहांगीर, तौफिक,शमसेर खान, सहमत खान, मोहम्मद अख्तरुल, अशफाक, अशोक घोष, कलाम अंसारी सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

मड़वा मंदिर में चोरी करते एक चोर गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। रविवार की देर रात बिहपुर प्रखंड के मड़वा गांव स्थित बाबा ब्रजलेश्वरनाथ धाम मंदिर में एक चोर को गिरफ्तार कर पुलिस को सौंप गया ।सूत्रों के अनुसार चोर का नाम दीपक महतो गांव चांदपुर प्रखंड गोगड़ी जिला खगड़िया का निवासी बताया जा रहा। पूर्व में बाबा ब्रजलेश्वरनाथ धाम मंदिर एवं झंडापुर दक्षेश्वर काली मंदिर चोरी की घटना घटती हो चूकी हैं । हालांकि इस पूरे मामले में पुलिस कुछ बताने साफ परहेज कर रही है जबकि चोर का फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है।

बिहपुर : राजद नेता संतोष कुमार तिवारी ने मजारशरीफ पर लगाई हाजिरी, देश हित के लिए मांगी दुआएं

- हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक मजार: संतोष कुमार तिवारी

लोकतंत्र की आवाज

बिहपुर। भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड के मिल्की गांव स्थित कौमी एकता, आपसी सद्भाव एवं भाईचारे व आपसी मिल्लत का मिशाल सैय्यदाना दाता हज़रत मांगहशाह रहमतुल्ला अलैह के सलाना उर्स-ए-पाक के तीसरे दिन सोमवार मेले का जायजा लेने नवगछिया पुलिस अधीक्षक प्रेरना कुमार दाता के मजार पहुंचकर मेले में प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर को आवश्यक निर्देश दिए।

वहीं राजद के महासचिव पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के संतोष कुमार तिवारी ने दाता के दर पर पहुंचे।जहां उन्होंने दाता के दर पर चादरपोशी की, उसके बाद उर्स इंतेजामिया के कमेटी के दफ्तर पहुंचे। जहां उनका सम्मान सदर मोहम्मद इरफान आलम, संयुक्त सदर अली कौनौन खान फरीदी एव सचिव अबुल हसन ने दाता पर चढ़े चादर व बुकें देखकर सम्मानित किया ।

इस मौके पर राजद नेता संतोष कुमार तिवारी ने कहा दाता का यह मजार नेकी व परोपकार की राह पर चलने की सीख देता है।दाता मांगहशाह एक सूफी संत थे। इनके मजार की एक चुटकी मिट्टी बिगड़े काम को बना देती है।दाता के दर से कोई सवाली खाली नहीं लौटता। उन्होंने दाता का यह मजार कौमी एकता व आपसी मिल्लत का प्रतीक है। वहीं बिहपुर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह उसे इंतजामिया कमेटी के सदर मो.इरफान आलम ने बताया कि मंगलवार को भागलपुर नगर विधायक अजीत शर्मा के द्वारा दिन के करीब ढ़ाई बजे सैयदना हजरत दाता मंगनशाह रहमतुल्लाह अलैह के मजार पर चादरपोशी की जाएगी। उर्स को सफल बनाने में जिला परिषद सदस्य मोईन राईन, पैक्स अध्यक्ष रबुल हसन, मुखिया मोहम्मद सलाउद्दीन, कमेटी उपाध्यक्ष असद राही,खजांची जैनुल अंसारी, मोहम्मद सोहराब, शिक्षक इकबाल हसन, मोहम्मद फिरोज, सरफराज हशन उर्फ सोनू, अन्य लोगों की भागीदारी देखी जा रही है।

साहेबगंज : जिला कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख
साहेबगंज। हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने विशेष रूप से छात्रवृत्ति योजना, आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण योजनाओं, कौशल विकास कार्यक्रमों और आवासीय विद्यालयों की स्थिति पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास समेत अन्य उपस्थित

आयुष्मान भारत जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित, अनियमित अस्पतालों पर होगी कार्रवाई

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख
साहिबगंज। उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला शिकायत निवारण समिति (DGRC) आयुष्मान भारत की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में आयुष्मान भारत योजना के तहत दावों की समीक्षा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में Deep Hospital, Sahibganj के दो मामलों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पतना के एक मामले की NAFL Trigger दावों से संबंधित समीक्षा की गई। समिति द्वारा Sub Committee के जांच प्रतिवेदन के आधार पर सर्वसम्मति से इन मामलों को NAFU Trigger से मुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

अपना हेल्थ केयर सेंटर, बोरियों द्वारा प्राप्त दावों की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि अस्पताल प्रबंधक द्वारा आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए समिति ने सर्वसम्मति से राज्य मुख्यालय को पत्राचार कर उचित कानूनी कार्रवाई करने का निर्णय लिया। साथ ही, उढ्ढउ, आयुष्मान को पत्र प्रेषित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में जिले में आयुष्मान कार्ड वितरण की समीक्षा की गई। पाया गया कि अब तक केवल 34% लाभुक ही आयुष्मान कार्ड से आच्छादित हुए हैं, जो लक्ष्य की तुलना में काफी कम है। इसे गंभीरता से लेते हुए जिलांतर्गत सभी सहिया, MPW, CHO EUa BTT को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने पोषक क्षेत्रों में योग्य लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें निकटतम प्रज्ञा केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर आयुष्मान कार्ड से आच्छादित कराएं। इस दिशा में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, सिविल सर्जन प्रवीण कुमार संथालीया, आयुष्मान जिला समन्वयक संजय कुमार दास, आयुष्मान प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अमन कुमार पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

किसान मेला एवं किसानों के सहयोग से विकसित भारत के संकल्पना को मिलेगा बल कुलपति

लोकतंत्र की आबाज

रामजी कुमार
समस्तीपुर। डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय किसान मेला का समापन समझ देर शाम तक चला। जिसमें उपस्थित विवि के कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि कृषि से जुड़े उच्च शिक्षा के लिए छात्रों के प्रतिभा में निखार लाने की ज़रुरी है, वहीं किसान मेला से विकसित भारत की संकल्पना में किसानो के सहयोग से मिलेगा। मेले की सफलता को लेकर सहयोग करने वाले छात्र वैज्ञानिक के दलों को धन्यवाद दिया।

इस दौरान फ़सल एवं तकनीक सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसान व संस्थान को पुरस्कृत किया गया। इस वर्ष मेला में बिहार सहित अन्य प्रदेशों के किसान शामिल थे। वहीं जीबिका से जुड़े महिलाओं ने भाग लेते हुए महिला सशक्तिकरण का कृषि के क्षेत्र में सहभागिता को प्रदर्शित किया। मेला के दौरान कृषि शिक्षा से जुड़े विद्यालय के छात्रों ने जानकारी हासिल किया। वहीं फुल, पशुधन, पक्षियों बीज , दलहन, सहित अन्य कृषि क्षेत्र से जुड़े तकनीक को प्रदर्शित किया गया। वहीं के वी के से जुड़े महिला पुरुष किसानों को पुरस्कृत किया गया जिसमें मुन्नी कुमारी, गोपाल कुमार, पार्वती देवी, रामबाबू को कस्टम हायरिंग सेंटर, के लिए वहीं इन्द्रा कुमारी, आशा चौधरी, राजेश कुमार किसानों व शशिवम डेयरी सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर पुरस्कृत किया।

संचालन डॉ मीनाक्षी द्विवेदी वहीं धन्यवाद ज्ञापन डॉ विनीता सतपथी ने किया। निदेशक प्रशार शिक्षा डॉ मयंक राय, निदेशक शिक्षा डॉ उमाकांत बेहरा, निदेशक अनुसधान डॉ एके सिंह, अधिष्ठाता डॉ उषा सिंह, डॉ अमरेश चंद्रा, डॉ पी पी श्रीवास्तव, डॉ आर के झा, डॉ आर के तिवारी, उपस्थित थे।

अतिक्रमण किए हुए जमीन पर दुकान का मालिक कोई और दुकान किसी और के जिम्मे,क्या अतिक्रमण हटेगा की ये झूठ है

लोक तंत्र कीआवाज

लखीसराय। मननपुर बाजार में अतिक्रमण को लेकर लगातार लोगों के बीच चर्चा बना हुआ है। वही पैन पर बने हुए दुकान के मालिक भी इस अतिक्रमण को लेकर परेशान दिख रहे हैं। सूत्रों के हवाले से बात सामने आ रहा है कि इन पैन पर बने इन दुकानों के मालिक कोई और है जिन्होंने दुकान को भाड़े पर लगा रखा है अर्थात जमीन किसी की, मालिक कोई और तथा दुकान किसी और ने भाड़े पर ले रखा है। इससे साफ समझ आता है कि सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर पैसे कमाने का कार्य किया जा रहा है अर्थात सरकारी जमीन को घेर कर दुकान बना उस दुकान को किराए पर लगाकर रूपया कमाया जा रहा है। वही अतिक्रमण को लेकर पदाधिकारी भी मानते हैं कि मननपुर बाजार में बहुत सारा दुकान ऐसा है

जिसके बने रहने से लोगों को काफी परेशानी होती है उन दुकानों को नोट किया गया है अर्थात चिंहित कर लिया गया है और इन दुकानों को हटाना बहुत जरुरी हो गया है। ज्ञात हो कि सड़कों पर लगने वाले ठेले वालों से भी रकम वसूल करने का काम किया जाता है। हालाकि इस संबंध में जिलाधिकारी संग अंचल अधिकारी को भी आवेदन दिया गया है लेकिन अब देखना यह कि क्या पूर्व के दिनों की तरह ही नोटिस हो जाने के बाद यू ही इसे छोड़ दिया जाएगा या फिर इस पर कार्रवाई की जाएगी यहां यह भी सवाल उठता है कि अगर इसे सिर्फ नोटिस कर छोड़ दिया जाता है तो लोगों की नजर में कहीं ना कहीं अधिकारी की कमजोरी और कुछ अंदरूनी कारण माना जाएगा जो चर्चा का विषय होगा और अगर इस पर कार्रवाई करते हुए इसे हटाया जाता है तो इसे अधिकारी की शाबाशी और अच्छी चर्चा के रूप में माना जाएगा।

संक्षिप्त खबरें ।

मोतिहारी : मैट्रिक परीक्षा के प्रथम दिन जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण कर लिया जाएजा

ब्यूरो चीफ शशिकांत

पूर्वी चम्पारणः मैट्रिक परीक्षा के पहले दिन सोमवार को जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा परशुराम गिरी उच्च विद्यालय जीवधारा, बीडी वर्ल्ड स्कूल बैरिया देवी स्थान मोतिहारी एवं डॉ एसकेएस महिला कॉलेज मोतिहारी का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। परीक्षा पूरी तरह से शांति पूर्ण वातावरण में संपन्न कराई जा रही है। इस दौरान कई पदाधिकारी मौजूद थें।

नई दिल्ली भगदड़ में मोतिहारी की बेबी की मौत, शव लेकर घर पहुंचे पिता

ब्यूरो चीफ शशिकांत

पूर्वी चम्पारण नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ स्नान जाने के दौरान हादसे की शिकार हुई मोतिहारी के बंजरिया की रहने वाली बेबी कुमारी का शव उनके घर पहुंचा। शव पहुंचते ही घर पर ग्रामीणों के अलावा नेताओं की भीड़ इकट्ठा हो गई। शनिवार को कुंभ स्नान के लिए निकली बेबी की मां घटना की सूचना मिलने के बाद आधे रास्ते से घर लौट आई. घर पर परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। बेबी के पिता प्रभु साह बेबी का शव लेकर घर पहुंचे. वह इंटर पास करने के बाद दिल्ली के विजवासन में अपने पिता के साथ रहती थी और वहीं एक कम्पनी में काम करके परिवार की आर्थिक मदद करती थी। जबकि उसके पिता वहां मजदूरी करते हैं। बेबी के पिता प्रभु साह ने बताया कि ₹मेरी बेटी अपनी चाची, चचेरी बहन और अन्य संगे संबंधियों के साथ दिल्ली से महाकुंभ स्पेशल ट्रेन से प्रयागराज जाने के लिए नई दिल्ली स्टेशन पर गई थी, जहां ट्रेन में चढ़ने के दौरान हुई भगदड़ में उसकी मौत हो गई. जबकि उसकी चचेरी बहन जख्मी है, जिसका इलाज चल रहा है.₹वहीं बेबी की मां गायत्री देवी ने बताया कि बेबी छह बेटियों में सबसे छोटी थी. मुझे बेटा नहीं है. उससे बड़ी सभी बेटियों की शादी हो चुकी है. केवल उसकी शादी नहीं हुई थी। जानकारी मिलने व बेबी का शव आने की सूचना के बाद शहर के वार्ड नंबर 22 स्थित उसके घर पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मोतिहारी नगर के उप मेयर लालबाबू प्रसाद गुप्ता, वार्ड पार्षद एहतेशामुल हक, भाजपा नेता मोहिबुल हक समेत कई नेता मृतक के घर पहुंचकर उसे श्रद्धांजलि दी।

डीएम, एसएसपी ने मैट्रिक परीक्षा के केंद्रों का किया निरीक्षण

दीपक कुमार

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन तथा एसएसपी सुशील कुमार ने सोमवार को हुए आज से शुरू विभिन्न कॉलेज सहित अन्य मैट्रिक परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीटिंग प्लान, फ्रिक्सिंग स्थल, सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी, साफ–सफाई, अन्य मूलभूत सुविधाओं आदि का जायजा लिया गया। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त पायी गयी। परीक्षा का संचालन स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त पाया गया। डीएम ने परीक्षा कार्य में संलग्न सभी केन्द्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों, उड़न दस्ता दल के दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों आदि को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा दिए गए दिशा–निर्देशों का अशरक्षः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि हर हाल में शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा का संचालन किया जाए।

मोतिहारी: केसरिया महोत्सव को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ शशिकांत

पूर्वी चम्पारण । केसरिया महोत्सव–2025 का होगा भव्य आयोजन, इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकार सूफी गायन, कवि सम्मेलन और बॉलीवुड के कलाकार मचाएंगे धूम, महोत्सव में मेला जैसा रहेगा परिदृश्य, सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए लगाए जाएंगे प्रदर्शनी स्टॉल। केसरिया बौद्ध स्तूप के निकट 20, 21 एवं 22 फरवरी को आयोजित होगा केसरिया महोत्सव। केसरिया महोत्सव–2025 के आयोजन को लेकर जिलाधिकारी सौरव जोरवाल की अध्यक्षता में समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें माननीय विधान पार्षद डॉक्टर खालिद अनवर, माननीय विधान पार्षद महेश्वर सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह, माननीय विधायक केसरिया श्रीमती शालिनी मिश्रा के प्रतिनिधि, अनुमंडल पदाधिकारी चकिया सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। अनुमंडल पदाधिकारी चकिया सुश्री शिवानी के द्वारा केसरिया महोत्सव में आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई गई। उन्होंने बताया कि महोत्सव का आयोजन 20, 21एवं 22 फरवरी को बौद्ध स्तूप केसरिया के पास कराया जाएगा। इसके लिए मंच एवं पंडाल निर्माण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। 20 फरवरी को संध्या 4:00

20, 21 एवं 22 फरवरी को आयोजित होगा केसरिया महोत्सव

बजे मुख्य अतिथि के आगमन एवं दीप प्रज्वलन के साथ महोत्सव का प्रारंभ होगा जिसमें बौद्ध भंते द्वारा बौद्ध स्तुति/मंत्रोचारण एवं डॉ विपिन कुमार मिश्रा के शंख वादन की प्रस्तुति सर्वप्रथम कराई जाएगी। संध्या 5:00 बजे से अतिथि गण सहित माननीय मुख्य अतिथि का संबोधन होगा। इसके पश्चात केसरिया सहित पूर्वी चंपारण के इतिहास, कला, संस्कृति, साहित्य एवं विविध आयामों पर आधारित स्मारिका का विमोचन होगा तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सर्वप्रथम बिहार गौरव गान की प्रस्तुति होगी। इसके बाद प्रिया वेंकट रमन द्वारा शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। संध्या 7:00 बजे से सुप्रसिद्ध लोक गायिका श्रीमती मालिनी अवस्थी अपनी कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी। केसरिया महोत्सव अंतर्गत 21 फरवरी को 10:00 बजे से ही कार्यक्रमों का प्रारंभ होगा जिसमें क्विज प्रतियोगिता, पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता, एक्टेंपोर, रंगोली प्रतियोगिता, वर्तमान परिदृश्य में बौद्ध धर्म की प्रासंगिकता जैसे विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। दिन में सड़क सुरक्षा पर सेमिनार का आयोजन होगा इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गिरीश कुमार, अनुप्रिया, विनोद बेदर्दी की गायकी का प्रस्तुतीकरण होगा। इसके बाद प्रिया प्रकाश का कथक नृत्य होगा। संध्या 6:15 बजे से राष्ट्रीय स्तर का कवि सम्मेलन सह मुशायरा का आयोजन किया जाएगा। केसरिया महोत्सव के दौरान 22 फरवरी को 10:00 बजे सुबह में चिकित्सा कैंप लगाया जाएगा जो पूरे दिन कार्यरत रहेगा। अपराह्न 3:00 बजे से मुकेश द्विवेदी और कुमार बादल की प्रस्तुति होगी। संध्या 4:30 बजे से 5:00 बजे तक कथक नृत्य का आयोजन कराया जाएगा। इसके बाद 5:00 बजे से मशहूर सूफी गायक अभिनव आकर्ष अपनी प्रस्तुति देंगे तत्पश्चात आरजू मिश्रा की गायकी होगी। संध्या 6:00 बजे से बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध गायिका आकांक्षा शर्मा की प्रस्तुति कराई जाएगी। सोमवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा केसरिया महोत्सव से संबंधित सभी बिंदुओं पर उपस्थित माननीय सदस्य गण से विस्तार से विमर्श किया गया एवं उनका भी परामर्श भी लिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि केसरिया महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर अलग–अलग समितियों का गठन किया गया है जिसके लिए पदाधिकारी को नामित किया गया है। प्रत्येक समिति का कार्य स्पष्ट कर दिया गया है। सभी पदाधिकारी समितियों द्वारा संपादित होने वाले कार्यों को ठीक से देख ले एवं ससमय उसका अनुपालन सुनिश्चित कराएं। स्टॉल एवं प्रदर्शनी आयोजन समिति के समन्वयक निदेशक डीआरडीए द्वारा बताया गया कि कुल 12 विभागों की 14 प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाएंगे। जिलाधिकारी के द्वारा पोस्ट ऑफिस एवं बैंक के भी प्रदर्शनी स्टॉल लगाने का निर्देश दिया गया। बैठक में केसरिया महोत्सव का व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी चकिया एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पूर्वी चंपारण को निर्देशित किया गया एवं केसरिया महोत्सव के कार्यक्रमों का जिला प्रशासन के फेसबुक पेज के माध्यम से लाइव करने का भी निर्देश दिया गया।

कार्यपालक की हथियार बंद अपराधियों ने की चाकू व गोली मारकर हत्या

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बेतिया। के नरकटियागंज में बिजली कार्यपालक की हथियार बंद अपराधियो ने चाकू व गोली मारकर हत्या कर दी। घटना सोमवार की सुबह 5 बजे के करीब की है। मृतक की पहचान संजीव कुमार (35) के रूप में हुई है। वह वार्ड एक निवासी छोटेलाल प्रसाद का पुत्र था। बताया जाता है कि कार्यपालक सहायक संजीव सोमवार की सुबह अपनी पत्नी निशा वर्णवाल के साथ गोपाला ब्रह्मस्थान परिसर में टहलने के लिए घर से निकले थे। टीपी वर्मा कॉलेज गेट के समीप दो बाइक पर सवार नकाबपोश चार की संख्या में अपराधियों ने उन्हें घेर कर पहले उसकी पत्नी का मुंह ढककर दूसरी तरफ धकेल दिया और कार्यपालक सहायक को पहले चाकू से गोदा और सीने, पेट व हाथ मे तीन गोली मारकर फरार हो गए। पत्नी के चीखने चिल्लाने के पूर्व ही चारों अपराधी कॉलेज के दक्षिण दिशा की ओर फरार हो गए थे। आनन फानन में उसकी पत्नी ने दूसरे लोगो के सहयोग से पति को अनुमंडलीय अस्पताल पहुँचाया। जंहा प्राथमिक उपचार के बाद उसे जीएमसीएच रेफर कर दिया गया। किन्तु रास्ते मे ही कार्यपालक सहायक ने दम तोड़ दिया। जीएमसीएच पहुचने पर चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसपी डॉ शौर्य सुमन ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला भूमि विवाद का प्रतीत हो रहा है। वहीं मृतक के पत्नी के बयान पर दो लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फोरेंसिक टीम द्वारा भी जांच कराई गई है। शीघ्र ही घटना का उद्भेदन किया जाएगा।

पहला दिन मैट्रिक परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में हुआ

लोकतंत्र की आवाज

दीपक कुमार

मुजफ्फरपुर । मैट्रिक परीक्षा पहला दिन सोमवार को दोनों पाली शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न में हुई। निर्धारित समय से परीक्षा शुरू हुई थी। केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतेजाम किया गया था। सभी केंद्रों पर परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी, वीडियोग्राफी का इंतजाम, पेयजल की व्यवस्था की गयी थी। हर बेंच पर दो ही छात्रों के बैठने का इंतजाम किया गया था। मैट्रिक परीक्षा के पहले दिन सोमवार को हिंदी विषय की परीक्षा हुई। परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए सभी केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू था। कहीं भी अभिभावकोंकी भीड़ नहीं लगने दी गई थी। माइकिग के माध्यम अभिभावकों को सचेत किया जा रहा था। लगातार मुजफ्फरपुर के एसडीओ अमित कुमार अन्य अधिकारियों की टीम केंद्रों का निरीक्षण कर रहे थे। सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी व पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात थे।

अनाथ एवं बेसहारा बच्चों की देखभाल करना ईश्वर की स्तुति करने जैसा : जिलाधिकारी
जिलाधिकारी ने विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, बाल गृह एवं पर्यवेक्षण गृह का किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बच्चों की प्रतिभा देख की हौसला आफजाई, बढ़ाया मनोबल बगहा। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने सोमवार को विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, बाल गृह एवं पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि यहां पर रह रहे बच्चों की देखभाल अच्छे तरीके से करें। किसी भी बच्चे को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इस बात का विशेष ध्यान रखें। प्रत्येक बच्चों की देखभाल अपने बच्चे की तरह ही करें, अगर किसी बच्चे को कोई परेशानी होती है तो उसका निराकरण तुरंत करें। बच्चों की देखभाल करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। पूरी मानवीय संवेदना के साथ बच्चों की देखभाल करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अनाथ एवं बेसहारा बच्चों की देखभाल करना ईश्वर की स्तुति करने जैसा है, इस कार्य को पूरी आत्मीयता के साथ करें। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को दी जा रही विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों से इस संदर्भ में आवश्यक जानकारी ली गई तथा दिशा–निर्देश दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चों के पठन–पाठन हेतु पाठ्य पुस्तक, कॉपी, कलम, पेंसिल, रबर आदि की समुचित व्यवस्था हर हाल में होनी चाहिए। साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था को निरन्तर मेंटेन किया जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि नियमित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हर हाल में किया जाय। बच्चों को दिए जा रहे खानपान में गुणवता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए, उन्हें उच्च गुणवतापूर्ण खानपान ससमय मुहैया कराई जाय। पर्यवेक्षण गृह के बच्चों द्वारा परिसर में विज्ञान पर आधारित नवप्रवर्तन प्रदर्शन लगाई गई थी, जिसका अवलोकन जिला पदाधिकारी द्वारा किया गया। अवलोकन के पश्चात उन्होंने बच्चों की हौसला आफजाई करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने बच्चों से कहा कि सभी को यहां बेहतर सुविधा प्रदान की जा रही है। यहां से निकलने के बाद समाज के मुख्यधारा से जोड़ कर समाज एवं देश की सेवा करें। इस अवसर पर विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुजीत कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, ब्रजभूषण कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने मैट्रिक परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण जिले के कुल–52 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संचालित हो रही है परीक्षा

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बगहा। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय द्वारा सोमवार को मैट्रिक परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान के.आर. हाईस्कूल, संत तेरेस गर्ल्स हाईस्कूल, आलोक भारती शिक्षण संस्थान, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, श्रीनगर, गवर्नमेंट हाईस्कूल, कुमारबाग सहित अन्य विद्यालय अवस्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया तथा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, केन्द्राधीक्षक एवं वीक्षक को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया। इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सीटिंग प्लान, फ्रिस्किंग स्थल, सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी, साफ–सफाई, अन्य मूलभूत सुविधाओं आदि का जायजा लिया गया। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त पाई गई। परीक्षा का संचालन स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त पाया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा कार्य में संलग्न सभी केन्द्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों, उड़न दस्ता दल के दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों आदि को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा दिये गये दिशा–निर्देशों का अशरक्षः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि हर हाल में शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त परीक्षा का संचालन किया जाय। कदाचार में शामिल छात्र–छात्राओं सहित अन्य व्यक्तियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाय। उनके विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जाय। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर, विनोद कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुजीत कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मनीष कुमार सिंह सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

कर्पूरी ठाकुर जैसा लालू यादव को भी भारत रत्नः तेजस्वी यादव

लोकतंत्र की आवाज

दीपक कुमार

बिहार। विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। सीतामढ़ी के सोनबरसा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर और समाजवाद की ताकत देखिए, जो लोग उन्हें गाली देते थे, आज वही लोग भारत रत्न दे रहे हैं। तेजस्वी यादव ने अपने पिता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव को भी भारत रत्न का दावेदार बताया।

'लालू यादव को भारत रत्न देनी होगी' तेजस्वी ने कहा कि आज जो लोग लालू यादव को गाली दे रहे हैं, उन्हें भी इन लोगों को भारत रत्न देना होगा। बिहार में जातीय गणना कराने की चर्चा करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि जब बिहार में महागठबंधन की सरकार बनी तो जातीय गणना कराकर आरक्षण के दायरे को बढ़ाया गया। लेकिन, महागठबंधन की सरकार हटने के बाद इसे फंसा दिया गया। तेजस्वी ने नीतीश को बताया 'पकड़ुआ मुख्यमंत्री' बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 'पकड़ुआ मुख्यमंत्री' बताते हुए उन्होंने कहा कि अब वह थक गए हैं। उनके पास अब कोई विजन नहीं रह गया। भाजपा की कठपुतली बन गए हैं। उन्होंने कहा कि कहां नीतीश कुमार मोदी जी की थाली खींचते थे, लेकिन आज पैर पकड़कर गिड़गिड़ाते हैं। समाजवादी शक्तियां जब एक होंगी तो सामंती शक्तियों को हमलोग सत्ता से दूर रखने का काम करेंगे। समाज में लड़ाई कराने वालों को सत्ता में नहीं आने देंगे।

तेजस्वी यादव ने चुनावी वादा भी कर डाला उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने भी सामाजिक बदलाव किया है और आज जो लोग लालू यादव को गाली देते हैं, याद रख लो, वही लोग एक दिन लालू यादव को भारत रत्न देने का काम करेंगे। उन्होंने लोगों से एक मौका मांगते हुए कहा कि हम आप लोगों को आर्थिक न्याय के जरिए बेरोजगारी, लाचारी और पलायन से मुक्ति दिलाने का काम करेंगे।

मोतिहारीः मंदिर या मंडप में नहीं बल्कि ग्राम कचहरी में सरपंच ने कराई प्रेमी युगल की शादी ये अनोखी शादी इलाके में बना चर्चा का विषय

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ शशिकांत

मोतिहारी। पूर्वी चंपारण के चिरैया में एक सरपंच ने ग्राम कचहरी में प्रेमी युगल की शादी करा दी, जो अब इलाके के लोगों के लिए चर्चा का विषय बन गया है। दरअसल, यह मामला जिले के चिरैया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कहचरी सिरौना की है, जहां पिछले 6 वर्षो से एक दूसरे से प्यार कर रहे प्रेमी युगल ने सरपंच को साक्षी मान कर प्रेम विवाह कर लिया। बताया जा रहा है कि पताही प्रखंड के छोटाक बलुआ निवासी जगदीश कुमार और चिरैया प्रखंड के सिरौना निवासी गुड़िया देवी एक दूसरे से बेपनाह प्यार करते थे। दोनों शादी कर एक साथ रहने के वादे भी एक दूसरे से कर चुके थे लेकिन दोनों के परिवार वालों को यह मंजूर नहीं था। जब सरपंच कुमार सौरभ को इस बात की जानकारी मिली। जिसके बाद सरपंच ने पहल शुरू किया और प्रेमी युगल को अपने कार्यालय बुलाया। दोनों की रजामंदी जानकर सरपंच ने अपने कार्यालय में ही दोनों की शादी करा दी। शादी की तस्वीरें सामने आने के बाद यह अनोखी शादी चर्चा का विषय बन गई है। गांव में को लोग तरह–तरह की चर्चाएं करते नज़र आएं।

बगहा अनुमंडल कार्यालय मे आवेदन देकर पंचायत सरकार भवन की जगह बदलने का किया गया मांग

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बगहा । अनुमंडल कार्यालय पर पंचायत के सौकडो लोगो ने पंचायत सरकार भवन को हरदी नादवा गांव तथा पंचायत के बीच में निमार्ण कार्य करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और पंचायत के बीच में निमार्ण कार्य करने की मांग की। वही उपमुखिया अनिल कुमार द्वारा डीएम, एसडीएम, बीडीओ तथा सीओ को आवेदन देकर पंचायत सरकार भवन की जगह बदलने की मांग किया गया है। उपमुखिया ने आवेदन लिखा है कि ग्राम पंचायत राज हरदी नदवा के ग्राम नदवा में पंचायत सरकार भवन प्रस्तावित है। जिसके लिए पूर्व में ग्राम सभा के द्वारा पास भी किया जा चुका है तथा अंचलाधिकारी बगहा एक के द्वारा भूमि का निरीक्षण किया गया था, जो ग्राम नदवा में स्थित है जिसका खाता नं0–06, खेसरा नं0–1431, है। उक्त भूमि पर सरकार भवन बनाने हेतु ठिकेदार को ठेका भी दे दिया गया था, लेकिन वर्त्तमान मुखिया प्रेम चौधरी द्वारा अंचलाधिकारी को अपने प्रभाव में लेकर अपने गांव कौलाची में पंचायत सरकार भवन बनवाने का प्रयास कर रहे है। जिसकी दूरी हरदी नदवा पंचायत के मुख्य गाँवों, हरदी, नदवा, मुरली, प्रतापपुर, भंटाडीह, पिपरा, झनकौल (जिसमें 11 वार्ड है) से लगभग 12 से 15 किलोमीटर है, जबकि कौलाची में मात्र 02 वार्ड है जिसकी आबादी 1500 से 2000 है जबकि उपरोक्त 11 वाडो की आबादी 25000 से 30000 हजार है। अंचलाधिकारी द्वारा प्रस्तावित भूमि को जान बुझकर विवादित बनाकर पंचायत सरकार भवन को कौलाची में स्थानान्तरित किया जा रहा है, जिससे मुखिया के स्वार्थ की पूर्ति हो। सरकार द्वारा पंचायत सरकार भवन बनाने का उद्देश्य जनता को सहज सुविधा उपलब्ध कराना है, जबकि कौलाची में इसके बनने से मुख्य गाँवों अर्थात 11 वाडो की जनसंख्या को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा जो प्रखंड मुख्यालय जाने के बराबर हो जायेगा। जबकि ग्राम पंचायत राज हरदी नदवा का मुख्यालय प्रारम्भ से ही ग्राम नदवा रहा है जहाँ वर्त्तमान पंचायत भवन स्थित है। उपमुखिया ने बगहा एसडीएम गौरव कुमार को आवेदन देकर उपरोक्त भूमि की जाँच करवा कर भवन का निर्माण ग्राम नदवा में ही करने की मांग की है, ताकि सरकार के महत्वकांक्षी योजना का सदुपयोग हो सके। वही बगहा एक प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि दो दिनों में जांच कर रिपोर्ट दिया जाएगा। इस मौके पर सुरेश पासवान, जंगबहादुर राव, संजय यादव, मंटू कुमार, राजेश्वर सिंह, अनीश चौधरी, अनमोल कुमार, गुड्डू कुमार, सोमेश्वर कुमार शुक्ला, छोटू कुमार, अनुज कुमार, अनुपम कुमार, संतोष राव, शैलेश कुमार सिंह, संदीप उपाध्याय, विनोद सिंह, अनिरुद्ध सिंह, साधू सिंह, गोविंद कुमार, गोपी महतो, सुरेश साहनी, सिपाही यादव, गोविंद कुमार, रमेश यादव, राजेश यादव, मनीष कुमार, रोशन कुमार, शिव शंकर राय, दीपक शाह, विनोद कुमार, दुर्गेश कुमार, बिट्टू कुमार, हरिश्चंद्र राव, मनोज चौधरी, मुकेश सिंह आदि मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें ।

मारपीट की घटना में चार लोग हुए जख्मी, 9 लोगो के खिलाफ प्राथमिकी

प्रदीप प्रसाद संवाददाता
सिरदला नवादा–परना डाबर थाना क्षेत्र के भोला कुरहा गांव में रविवार की देर शाम दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई है। जिसमें आवेदक लक्ष्मण मिस्त्री पिता बिरजू मिस्त्री, धर्मेंद्र कुमार, ईश्वरी मिस्त्री, कविता देवी जख्मी हो गई है। जिसे परिजनों के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला में इलाज किया गया है। तथा गंभीर रूप से जख्मी एक व्यक्ति धर्मेंद्र मिस्त्री को सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। घटना की सूचना लिखित आवेदन परना डाबर थाना को दी गई है। थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय मिस्त्री पिता रघुनंदन मिस्त्री समेत 9 लोगों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज किया गया है। घटना का कारण भूमि विवाद बताया गया है।

संगीत रिकॉर्डिंग स्टूडियो की दुकान से लाखों की चोरी

हिसुआ: हिसुआ थाना अंतर्गत कंचन बाग निवासी अशोक सिंह के मकान से संगीत रिकॉर्डिंग स्टूडियो का सामान चोरी हो गया। स्टूडियो संचालक शिवम कुमार ने बताया कि 16 फरवरी दिन रविवार को अपना काम खत्म करने के बाद अपने पैतृक गांव महतपुर चले गए थे। अगले सुबह दिन सोमवार को लौटने के बाद अपने दुकान का दरवाजा खोला तो दुकान का सारा सामान गायब था। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों के द्वारा एक डेस्कटॉप, एक लैपटॉप, एक माइक, हार्ड डिस्क, यूपीएस, साउंड बॉक्स, यादि सामान गायब था जिसकी बाजारू कीमत लाखों में है। बता दे की अकबरपुर थाना क्षेत्र के महतपुर निवासी शिवम कुमार कुछ महीनो से थाना मुख्यालय अंबिका सिंह के पुत्र अशोक सिंह के मकान में किराए की दुकान में संगीत रिकॉर्डिंग स्टूडियो का संचालन कर रहा था। स्टूडियो के सामान चोरी होने पर हिसुआ थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का चांदी का मुकुट पहनकर किया स्वागत

सुनील कुमार
नवादा : नवादा में एनडीए गठबंधन की कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर आज काफी गहमा गहमी देखने को मिला । कार्यक्रम को लेकर नवादा पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल का जबरदस्त स्वागत किया गया । नवादा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष व बेगूसराय प्रभारी शशि भूषण कुमार बबलू द्वारा उन्हें चांदी का मुकुट और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया । इससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल का नवादा डाक बंगला में भाजपा की पूर्व प्रदेश मंत्री डॉ पूनम शर्मा , रवि गुप्ता , डॉ महेश कुमार, प्रताप रंजन आदि लोगों ने भी बुके देकर स्वागत किया । नवादा में कार्यकर्ताओं में उत्साह को देखते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि एनडीए नवादा में काफी मजबूत है और हम नवादा की पांचो सीट एनडीए के पक्ष में देंगे ।

नवादा रेलवे स्टेशन पर डीएम एसडीओ का पहरा

कुंभ यात्रियों की भीड़ कण्ट्रोल करने की कवायद शुरू बिना टिकट प्लेटफॉर्म पर जाना पड़ सकता है मंहगा

खासकर डीएम के आदेश पर रेलवे प्रशासन ने विधि विरुद्ध यात्रियों के प्रवेश पर रोक लगा दी है

लोकतंत्र की आवाज

शम्भू विश्वकर्मा द्वारा
नवादा । 17 फ़रवरी । नवादा रेलवे स्टेशन पर कुंभ यात्रियों की बढ़ती भीड़ को काबू करने के लिए आज नवादा जिलाधिकारी ने दलबल के साथ स्टेशन प्लेटफॉर्म पर कैंप किया । यात्रियों के बढ़ते दबाब और हाल ही में कई रेलवे स्टेशनों पर भगदड़ की सूचना से आशंकित जिला प्रशासन ने कमान संभाल लिया है और भीड़ को कंट्रोल करने हेतु आवश्यक एहतियात बरती जा रही है । खासकर डीएम के आदेश पर रेलवे प्रशासन ने विधि विरुद्ध यात्रियों के प्रवेश पर रोक लगा दी है । लगातार यात्रियों को सूचित किया जा रहा है कि बिना टिकट एक भी यात्री प्लेटफॉर्म पर न रहें । आवश्यक हो तो गन्तब्य तक का टिकट या प्लेटफॉर्म टिकट साथ रखकर ही प्लेटफॉर्म पर रह सकते हैं । जिला प्रशासन के इस मुश्तैदी से अचानक स्टेशन का दबाब कम हो गया और टिकट कॉन्टर पर लंबी कतार लग गई । स्टेशन पर जिलाधिकारी के अलावे सदर एसडीओ भी मौजूद थे जो विधि व्यवस्था बनाये रखने में रेलवे प्रशासन को सहयोग कर रहे थे । रेलवे प्रशासन ने यह भी सूचना प्रसारित किया कि 19 फ़रवरी से प्रयागराज के लिए स्पेशल गाडी चलेगी इसलिए यात्रीगण अनावश्यक भीड़ का हिस्सा न बनें । डीएम एवं एसडीओ समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और अभी तक सब कुछ नियंत्रण में है ।

पीरपैंती:प्रखंड कार्यालय सहित अन्य स्थानों पर चला सफाई अभियान

लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। प्रधानमंत्री के आह्वान पर स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए पीरपैंती प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। इस सफाई अभियान में कई लोग शामिल थे । प्रायः सभी मुखिया और पंचायत समिति के सदस्य भी उपस्थित थे। इस स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य अपने आसपास सहित निजी और सार्वजनिक स्थानों पर साफ सफाई रखने का सभी लोगों ने शपथ लिया। इस अवसर पर मुखिया तथा मुखिया प्रतिनिधि लोगों ने अपने–अपने पंचायत में भी सफाई अभियान चलाया ।प्रखंड कार्यालय के सफाई अभियान में शामिल मुखिया अंबिका मंडल ,अरविंद साह ,महादेव मंडल, पंचायत समिति सदस्य मंटू रजक सहित आने को पंचायत समिति और मुखिया लोग उपस्थित थे। सभी ने आसपास को साफ सुथरा रखने की शपथ ली। कीर्तनीय पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि झुंपा सिंह के द्वारा भी अपने पंचायत में सफाई अभियान चलाया गया।

साईं मंदिर में मेडिकल जॉच शिविर लगाया गया

लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय।
पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र चौखंडी में श्री साइन पूजन उत्सव का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पूजा समिति के लोगों के द्वारा विशाल मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मेडिकल टीम में सैकड़ो लोगों ने अपनी जांच करवाई। सबको दवाइयां निशुल्क भी दी गई। उसके बाद साईं बाबा का पूजन प्रारंभ हुआ। पूजन समाप्ति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा संवाद प्रेषण तक जारी है ।इस अवसर पर आसपास के गांव सहित प्रमुख राजनीतिक दल के प्रखंड ,राज्य और जिला अध्यक्ष भी शामिल हुए।

हाइबा की चपेट में आने से एक अधेर की मौत आक्रोशित लोगों ने किया तोड़फोड़ घटना के बाद बाजार में लगे अतिक्रमण पर आता है अधिकारी पदाधिकारी सहित स्थानियों का ध्यान

लोकतंत्र की आबाज

ओईनी/समस्तीपुर। हाईवा की चपेट में आने से एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। घटना ओईनी बाजार की और सोमवार शाम की है, जहां खुदीराम बोस स्मारक चैक के निकट मृत युवक का संतुलन बिगडा और वह गिर गया जिससे पूसा की ओर से आ रहे एक हाईवा की चपेट में आ गया। जिसमें उसकी तत्काल घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान बघनगरी निवासी विजय कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक अपने ससुराल आया था। हाट से निकर कर वह गंगापुर की तरफ जा रहा था। इसी बीच उक्त घटना घटी। इस घटना से आक्रोशित स्थानीय व्यवसायियों व लोगों ने हाईवा के साथ तोड फोड की चालक की पिटाई भी कर दी। स्थानीय व्यवसायी बजरंग अग्रवाल, शुभम जायसवाल आदि के सहयोग से चालक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम केलिए भेज दिया।

दिल्ली रेल भगदड़ में मृतकों का शव कोठिया निवास पर पहुंचते ही चीख–पुकार से वातावरण हुआ गमगीन

लोकतंत्र की आबाज

ताजपुर/समस्तीपुर। दिल्ली रेल हादसा में मृत विजय साह (45) एवं उनकी पत्नी कृष्णा देवी (40) का शव सोमवार को करीब 12 बजे मृतक के निवास ताजपुर के कोठिया पहुंचते ही वातावरण करुणामय हो गया। परिजन समेत उपस्थित लोग चित्कार मार कर रोने लगे। शव का तीन दिन होने के कारण बगैर देर किये शव उठाकर ग्रामीण काठिया नून नदी किनारे स्थित श्मशान घाट ले गये जहां उपस्थित सैकड़ों नम आंखों के बीच बड़े पुत्र मुकेश कुमार एवं छोटे पुत्र नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से अपने पिता–माता को मुखाग्नि दिया। तीसरे शव सुरूची कुमारी (13) का उनके पिता मनोज साह दाह–संस्कार के लिए मुजफ्फरपुर के चेरिया बरियारपुर स्थित अपने घर ले गये जहां उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। दाह–संस्कार में शामिल भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह एवं प्रभात रंजन गुप्ता से पूछने पर उन्होंने घटना की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कारवाई करने, मृतक के परिजनों को 20–20 लाख रूपये मुआवजा एवं सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

पीरपैंती साईंधाम वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में नवगछिया साईंनाथ परिवार ने भक्ति भाव से हुआ शामिल

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर,,,, पीरपैंती के चौखंडी स्थित साईंधाम में भव्य शिर्डी साईंनाथ मंदिर के 08 वीं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सोमवार को नवगछिया साईंनाथ परिवार ने भव्य आयोजन में? भाग लिया यह भव्य आयोजन शिर्डी साईंनाथ की भक्ति और सेवा भावना को समर्पित था, जिसमें नवगछिया साईंनाथ परिवार के श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था और भक्ति के साथ भाग लिया। तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में महाआरती, दर्शन–पूजन और सेवा कार्यों का विशेष महत्व रहा।श्री सद्गुरु साईंनाथ सेवा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शुभम यादव को उनके समाजसेवा और अटूट कर्तव्यनिष्ठा के लिए आयोजक कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने ₹सबका मालिक एक₹ के संदेश को दोहराते हुए बताया कि नवगछिया के साईंनगर सहौरा में नवनिर्मित साईंनाथ मंदिर के लिए आमजन से सहयोग अपेक्षित है।इसके अलावा, श्री साईंनाथ विश्व संस्थान, भागलपुर के अध्यक्ष डॉ. पी. राम केडिया सहित अन्य डॉक्टरों ने भी निःशुल्क सेवा प्रदान कर आयोजन को और भी पुण्यकारी बना दिया। इस कार्यक्रम ने भक्ति, सेवा और सामाजिक सहयोग की भावना को और अधिक सशक्त किया।इस दौरान श्री सद्गुरु साईंनाथ सेवा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शुभम यादव, शशि ?प्रसाद ,साजन साईं ,मनीषा साईं,शुचिता,सबिता देवी,निधी कुमारी,गीतांश ?,शिवांश सहित अन्य मौजूद रहे।

नवादा में 24 घंटे के अंदर 46 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

लोक तंत्र कीआवाज

सुनील कुमार
नवादा । नवादा में जिले के विभिन्न थानाक्षेत्रों से कुल 46 फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है , पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 16 फरवरी को नवादा जिला में पुलिस द्वारा जो विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, उनमें अनुसूचित जाति/जनजाति में 03, हत्या के प्रयास में 01, मद्य निषेध में 08 एवं अन्य गिरफ्तारी 34 कुल 46 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 132 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वाहन जॉच के क्रम में कुल 90 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 07 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत ट्रैक्टर 01, तसला 01, गैस सिलेंडर 01, एम्पलीफायर 01, छोटा मशीन 02 एवं छोटा साउंड बॉक्स 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रूर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर शोषित वर्गों के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया:डॉ मनीष पंकज मिश्रा

लोकतंत्र की आवाज़

गया। जननायक कर्पूरी ठाकुर जी37बी पुण्यतिथि पर भाजपा किसान मोर्चा कार्यालय में भारत रत्न से सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की पुण्यतिथि पर भाजपा किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी एक सच्चे जननेता थे जिन्होंने समाज के वंचित और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनका सादगीपूर्ण जीवन और ईमानदार राजनीतिक दृष्टिकोण आज भी लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कर्पूरी ठाकुर केवल एक राजनेता ही नहीं बल्कि एक विचारधारा थे, जिन्होंने सामाजिक न्याय और समानता के लिए संघर्ष किया है। मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने पिछड़े वर्गों को आरक्षण देकर उन्हें मुख्यधारा में लाने का कार्य किया, जिससे समाज में सामाजिक समरसता स्थापित हुई। उनकी नीतियां आज भी गरीबों और दलितों के उत्थान के लिए मार्गदर्शक बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और भाजपा कर्पूरी ठाकुर के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित है। उनका संघर्ष और आदर्श नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर उपस्थित जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता एवं जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर उनके विचारों को आत्मसात करने और समाज सेवा के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया है। कर्पूरी ठाकुर को विचारों को जन जन तक पहुंचाने के लिए गया शहर के प्रमुख चौराहे पर उनका प्रतिमा लगाने की मांग जिला प्रशासन से की एवं केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा बिहार जैसे केंद्र सरकार भी अति पिछड़ा को अलग से आरक्षण की व्यवस्था की जाए जिससे अंतिम पायदान पर रहने वाले आरक्षण का लाभ मिल सके? आज के कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर संजय यादव बबलू गुप्ता महेश यादव मंटू कुमार राणा रणजीत सिंह अशोक प्रसाद भारतीय दीपक पांडे विजय प्रसाद उर्फ़ काला नाग सहित अन्य शामिल हुए हैं ?

संक्षिप्त खबरें ।

शशि सरोजनी रंगमंच सेवा संस्थान द्वारा लघु नाटक पंचम वेद की प्रस्तुति

लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की इकाई राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली का आयोजन भारत रंग महोत्सव 2025 में विश्व जन रंग के अंतर्गत एक रंग श्रेष्ठ रंग के तहत शशि सरोजनी रंगमंच सेवा संस्थान द्वारा लघु नाटक पंचम वेद की प्रस्तुति की गयी। संस्थान सचिव वन्दन वर्मा ने बताया कि पंचम वेद भरत मुनि के द्वारा लिखा गया था उसे विश्व स्तर पर स्थापित करना है। इसलिए ये आयोजन देश में ही नहीं विदेशों में भी किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम करना है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के निर्देशानुसार एनएसडी द्वारा जारी साइट पर वीडियो बना कर अवलोकनार्थ डाला गया। नाट्य निर्देशक कुन्दन वर्मा के निर्देशन में सुदर्शन कुमार, राज कुमार राजा, सत्यम कुमार, सुन्दरम प्रजापति, ओमप्रकाश कुमार, कृष्णा शर्मा ने नाटक में अभिनय किया।नाटक के सफल संयोजन में राहुल गौरव, पुरुषोत्तम कुमार, लक्ष्य वर्मा ने सहयोग किया।

अवैध हथियार के साथ वीडियो बनाते दो युवक गिरफ्तार, एक हुआ फरार

लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता। जिले के बिहरा थाना अध्यक्ष को रविवार को मिली गुप्त सूचना पर की गई कार्रवाई में अवैध देसी कट्टा के साथ वीडियो बना रहे दो युवक गिरफ्तार किए गए। जबकि एक युवक मौके से फरार होने में कामयाब रहा। गिरफ्तार युवक द्वारा फेंके गए एक देसी कट्टा भी बरामद कर लिया गया था। रविवार को प्रेस वार्ता में साइबर डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि बिहरा थाना अध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि पंचगछिया रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क के निकट एक ईंट भट्ठा चिमनी के निकट तीन युवक अवैध हथियार के साथ वीडियो बना रहे हैं। सूचना के बाद गश्ती पुलिस टीम के साथ छापामारी की गई थी। पुलिस टीम को देख तीनों युवक हथियार को फेंक कर भागने लगा। जिन्हें खदेड़ कर पकड़ा गया। जिनमें दो युवक पकड़ में आए। जबकि एक युवक फरार होने में कामयाब रहे। गिरफ्तार युवक बिहरा थाना क्षेत्र के पंचगछिया गांव निवासी सरयू यादव के पुत्र सुमित कुमार यादव और सुरेश शर्मा के पुत्र संतोष शर्मा थे। जिनसे एक देसी कट्टा बरामद हुआ था। जिसको लेकर बिहरा थाना कांड संख्या 38) 25 दर्ज की गई थी। छापामारी टीम में बिहरा थाना अध्यक्ष संतोष कुमार निराला, पुलिसअवर निरीक्षक राजकुमार पांडे सहित पुलिस बल मौजूद थे।

भारतीय राजनीति के जननायक थे कर्पूरी ठाकुरः डा. घनश्याम राय

लोक तंत्र कीआवाज
रोसड़ा । भारत रत्न और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर प्रधानाचार्य डा. घनश्याम राय ने कर्पूरी ठाकुर को भारतीय राजनीति का जननायक बताते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डा. राय ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने दलितों, पिछड़ों और वंचितों को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी प्रासंगिक है। उनका जीवन समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर दो बार अपने कार्यकाल में शिक्षा, आरक्षण और समाज के कमजोर वर्गों के लिए जो नीतियां बनाई, वह आज भी सामाजिक न्याय की मिसाल के रूप में जानी जाती हैं। डा. राय ने सरकार से मांग की कि कर्पूरी ठाकुर के योगदान को हमेशा याद रखने और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए उनके नाम पर एक केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने अपने जीवन में जो कार्य किए, वह उनके नाम को सम्मानित करने के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय से भी अधिक उपयुक्त होगा। कर्पूरी ठाकुर ने 1970 और 1977 में बिहार के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाली और अपने कार्यकाल में उन्होंने शिक्षा, समाज कल्याण और आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम किया। उनका निधन 17 फरवरी 1988 को हुआ था।

संविधान और आपके हक का रक्षक अप्पन पार्टी सीमांचल के सभी सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ेगीः आर के राय

लोक तंत्र कीआवाज
अररिया। अप्पन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आर के राय ने अररिया दौरे के दौरान एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी सीमांचल क्षेत्र के सभी विधानसभा सीटों पर आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। आर के राय ने यह भी बताया कि अररिया विधानसभा सीट से अप्पन पार्टी के उम्मीदवार के रूप में प्रो. रंजन ठाकुर को उतारा जाएगा। प्रो. ठाकुर भारतीय उपभोक्ता संरक्षण समिति के पूर्व अररिया जिला सह पूर्णियां प्रमंडलीय अध्यक्ष रह चुके हैं। आर के राय ने पार्टी के दृष्टिकोण पर बात करते हुए कहा कि अप्पन पार्टी लोकतंत्र, संविधान और जनता के हकों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों की आवाज उठाना और संविधान के तहत हर नागरिक के अधिकारों का संरक्षण करना है।

जोकीहाट जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष बने नितेश कुमार राय , कुशवाहा समाज के राजनीतिक सशक्तिकरण की ओर अहम कदम

लोक तंत्र कीआवाज

अररिया। 17 फरवरी 2025 को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) शिक्षा प्रकोष्ठ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जदयू के जिला अध्यक्ष रणविजय कुशवाहा की अध्यक्षता में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के वरिष्ठ नेता बाणेश्वर वर्मा, रेशम लाल पासवान, सुनील चंद्रवंशी, निरंजन मेहता और राजू राम उपस्थित थे। इस बैठक में दर्जनों नए सदस्य जदयू में शामिल हुए, जिनमें से एक अहम नाम था नितेश कुमार राय का, जिन्हें जोकीहाट प्रखंड अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया।

कुशवाहा समाज की भागीदारी को प्राथमिकताः जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रणविजय कुशवाहा ने इस अवसर पर स्पष्ट किया कि पार्टी कुशवाहा समाज की राजनीतिक भागीदारी को अधिक सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा, ''कुशवाहा समाज के लोगों को मुख्यधारा में लाकर राजनीति में उनकी भागीदारी को बढ़ाना जदयू की प्राथमिकता है, और नितेश कुमार राय का मनोनयन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।''

नितेश कुमार राय की पार्टी में शामिल होने की वजहः नितेश कुमार राय ने जदयू में शामिल होने के बारे में कहा, ''मैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कार्यशैली और उनकी विकास की सोच से प्रभावित होकर जदयू में शामिल हुआ। उनके नेतृत्व में बिहार ने जो सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक क्षेत्र में बदलाव देखे हैं, वह असाधारण हैं। मैं इस पार्टी में शामिल होकर राज्य के विकास में अपनी भूमिका निभाना चाहता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें जो प्रखंड अध्यक्ष का पद सौंपा गया है, वह एक बड़ी जिम्मेदारी है और वह इसे पूरी निष्ठा और लगन से निभाएंगे। राय ने पार्टी नेतृत्व को आश्वस्त किया कि वह जोकीहाट क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए प्रयास करेंगे, ताकि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

शिक्षा प्रकोष्ठ की योजना और विकास कार्यः जदयू के शिक्षा प्रकोष्ठ का उद्देश्य राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाना और हर बच्चे को समान अवसर प्रदान करना है। नितेश कुमार राय ने इस दिशा में अपनी प्राथमिकताएं साझा करते हुए कहा, ''हमारे लिए यह सबसे महत्वपूर्ण है कि हम हर बच्चे को शिक्षा के समान अवसर प्रदान करें और राज्य में शिक्षा के स्तर को ऊंचा करें। हमारी योजना है कि हम ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष ध्यान केंद्रित करें, ताकि शिक्षा की पहुँच हर घर तक हो।''

राजनीतिक दृष्टिकोण से अहम बदलावः नितेश कुमार राय के नेतृत्व में जदयू की जोकीहाट में मजबूत स्थिति बनने की संभावना है, खासकर जब राज्य में आगामी चुनावों का माहौल गरम है। पार्टी की इस नई नियुक्ति से यह स्पष्ट हो रहा है कि जदयू न केवल शैक्षिक सुधारों की दिशा में काम कर रहा है, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को अपने साथ लाकर राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में भी काम कर रहा है।

- नीतीश कुमार की नीतियों से प्रेरित होकर पार्टी में शामिल हुए, समाजिक और शैक्षिक परिवर्तन की दिशा में उठाया महत्वपूर्ण कदमः नितेश कुमार राय

भूमिकाः नितेश कुमार राय और जदयू के अन्य नेताओं ने इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार ने बिहार में शैक्षिक सुधार, सामाजिक न्याय और सशक्त शासन व्यवस्था स्थापित की है, जो राज्य की राजनीति में बड़े बदलावों का कारण बनी है। इस कारण से कई युवा नेता और कार्यकर्ता नीतीश कुमार के नेतृत्व में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। नितेश कुमार राय का जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के जोकीहाट प्रखंड अध्यक्ष के रूप में मनोनयन न केवल पार्टी के लिए एक बड़ा अवसर है, बल्कि यह कुशवाहा समाज को राजनीति में सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस कदम भी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों से प्रेरित होकर जदयू में शामिल हुए नितेश कुमार राय ने यह स्पष्ट किया कि वह शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव लाने के साथ-साथ समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा में लाने के लिए काम करेंगे। आगामी चुनावों के दृष्टिकोण से यह नियुक्ति राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हो सकती है, क्योंकि यह जदयू के लिए एक रणनीतिक कदम प्रतीत हो रहा है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की

वीआईपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सहनी और उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा का छातापुर आगमन आज, विधानसभा स्तरीय बैठक में करेंगे संवाद

लोक तंत्र कीआवाज

पैनोरमा नगर रामपुर। विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सहनी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा 18 फरवरी 2025 को छातापुर के पैनोरमा नगर रामपुर स्थित वीआईपी पार्टी कार्यालय में विधानसभा स्तरीय एक अहम बैठक करेंगे और आगामी चुनावों के लिए पार्टी की रणनीतियों को अंतिम रूप देंगे।

बैठक में कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान पार्टी नेताओं द्वारा क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से बात की जाएगी और संगठनात्मक स्तर पर पार्टी की मजबूती बढ़ाने के उपायों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके साथ ही, संतोष सहनी और संजीव मिश्रा प्रेस से भी रूबरू होंगे और पार्टी के भविष्य के लक्ष्यों, कार्यों और आगामी चुनावी रणनीतियों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा करेंगे। वे मीडिया से जुड़े सवालों का जवाब भी देंगे और अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट करेंगे।

- 18 फरवरी 2025 को छातापुर में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात, प्रेस से होंगे रूबरू, पार्टी की आगामी रणनीतियों पर होगी चर्चा

कार्यक्रम को लेकर वीआईपी पार्टी के स्थानीय संगठन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और मीडिया के सभी साथीगण को इस महत्वपूर्ण आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। वीआईपी के छातापुर विधानसभा प्रवक्ता विकास कुमार ने इस कार्यक्रम की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि यह बैठक पार्टी को आगामी चुनावों के लिए तैयार करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने का एक अहम कदम होगी।

जनता दरबार में लोगों की समस्यायों का महापौर ने की समाधान

लोक तंत्र कीआवाज

कटिहार। नगर निगम कार्यालय में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्या से महापौर उषा देवी अग्रवाल हुई रूबरू। कटिहार शहर के विभिन्न वार्डों से आए हुए लगभग 30 फरियादीयों ने महापौर को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिसमें आवास योजना, सड़क, बिजली, जल जमाव एवं होल्डिंग टैक्स की समस्याओं से महापौर उषा देवी अग्रवाल को लोगों ने रूबरू करवाया जिसको लेकर महापौर उषा देवी अग्रवाल ने गंभीरता से सभी लोगों की समस्याओं को सुना और विभागीय लोगों को उनकी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। मौके पर महापौर ने बताया कि कटिहार नगर निगम की जनता की सेवा मेरा कर्तव्य है और उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना ही मेरा संकल्प है। आज जनता दरबार में पधारे देवतुल्य जनता-जनार्दन से संवाद कर उनसे कुशलक्षेम जानी और उनकी समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित की। मौके पर निगम पार्षद खुशबू प्रवीण, आदित्य झा एवं अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

सिमरी बख्तियारपुर में आधुनिक मिट्टी जांच केंद्र का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित एवं शीलापट का अनावरण कर किया गया

लोकतंत्र की आवाज

चन्दन कुमार पासवान
सिमरी बख्तियारपुर /सहरसा । सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल क्षेत्र के किसानो के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। अब उन्हें अपने खेतों की मिट्टी की जांच के लिए जिला मुख्यालय सहरसा नहीं जाना पड़ेगा। सोमवार को बिहार सरकार के कृषि मंत्री मंगल पांडे वर्चुअल तरीके से उद्घाटन कर सिमरी बख्तियारपुर के किसानों को तोहफा दिया है। जिसके कारण आज से सिमरी बख्तियारपुर में ही एक आधुनिक मिट्टी जांच प्रयोगशाला कार्य करना प्रारंभ हो गया है। यहां किसान आसानी से मिट्टी की जांच करा सकेंगे और उन्हें मृदा हेल्थ कार्ड भी उपलब्ध कराया जाएगा। सिमरी बख्तियारपुर ई-किसान भवन में स्थापित इस प्रयोगशाला के निर्माण पर लगभग 75 लाख रुपये खर्च किए गए हैं।

इसकी सालाना जांच क्षमता करीब 10 हजार सैंपल तय की गई है। यहां पर किसानों को मिट्टी की गुणवत्ता, पोषक तत्वों की उपलब्धता और सुधार के सुझाव से संबंधित पूरी रिपोर्ट दी जाएगी। इसको लेकर सोमवार को ई किसान भवन में उत्सवी माहौल था। सिमरी बख्तियारपुर में कृषि मंत्री मंगल पांडे के द्वारा वर्चुअल माध्यम से इस प्रयोगशाला उद्घाटन किया। तत्पश्चात जिला कृषि पदाधिकारी संजय कुमार, सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड प्रमुख शवनम कुमारी, अनुमंडल क़ृषि पदाधिकारी आनंद चौधरी आदि ने भी संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर एवं शिलापट्ट अनावरण कर मिट्टी प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि सिमरी बख्तियारपुर ई किसान भवन में अनुमंडल स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला सिमरी बख्तियारपुर में खुलने से अब यहां के किसानों को सहरसा नहीं जाना पड़ेगा। वही अनुमंडल कृषि पदाधिकारी आनंद चौधरी ने कहा कि फसल की बुवाई या रोपाई से एक महीने पहले मिट्टी की जांच करानी चाहिए। ऐसे साल में केवल एक फसल लेने वाले किसानों को हर दो से तीन साल में जांच करानी चाहिए। मौके पर सहायक निदेशक रसायन सहरसा के अमितेश कुमार, ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, सहायक निदेशक उद्यान शैलेन्द्र कुमार, सहायक निदेशक क्षेत्रिय बीज निदेशक प्रयोगशाला मिथलेश कुमार, सहायक निदेशक शल्य ऋषि रंजन, भाजपा नेता संजीव भगत, लोजपा के श्याम भारती, बीटीएम आसना, विजय झा सहित सिमरी बख्तियारपुर, सलखुआ एवं बनमा ईटहरी प्रखंड के प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदि ने भाग लिया।

सहरसा : शिक्षकों द्वारा 'द प्लस एजुकेशन' विद्यालय प्रांगण में बैठक का किया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवादाता। जिले के कई शिक्षकों द्वारा 'द प्लस एजुकेशन' विद्यालय प्रांगण में एक बैठक रविवार को आयोजित किया गया। बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित बैठक में शिक्षकों के कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार कर निर्णय लिया गया। जिला अध्यक्ष श्री अजीत कुमार के अध्यक्षता में शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि विभाग के शिथिलता के कारण शिक्षक बेहद परेशान हैं। हम सभी शिक्षक जिस मनोयोग से विद्यालय में अपना कार्य कर रहे हैं, उसे मनोबल को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

आज आधा फरवरी बीत जाने के बाद भी प्राण जनरेट, एचआरएमएस और वेतन निर्धारण की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। उपाध्यक्ष श्री सुरंजन कुमार ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि एक माह पूर्व में ही डीपीओ स्थापना से मिलकर मांग पत्र सौंप कर विशिष्ट शिक्षकों के वेतन भुगतान में शीघ्रता करने का अनुरोध किया गया था एवं एरियर भुगतान को भी शीघ्रता से करने आश्वासन दिया गया था। लेकिन अद्यतन स्थिति तक विभाग के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जबकि शिक्षक अपने परिवार को चलाने को चलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में बैठक में निर्णय लिया गया कि कल दिनांक 17 फरवरी 2025 को डीईओ सहरसा से मिलकर विशिष्ट शिक्षकों के वेतन निर्धारण प्रपत्र निर्गत करने, प्राण एवं एचआरएमएस जनरेट करने एवं डीए बकाया भुगतान करने को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सुरंजन कुमार, सरोज कुमार, विकास कुमार त्रिपुरारी राय, रामप्रवेश कुमार, कश्यप कुमार वात्सल्य, अशोक कुमार पासवान, दीपक कुमार, अविनाश कुमार भगत, चंद्रभूषण चौधरी, हरेराम भगत, भूपेंद्र कुमार साह, गौरव कुमार चंद्र, अन्य सभी शिक्षक मौजूद थे।

- बैठक में शिक्षकों के कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार कर निर्णय लिया गया विभाग हुआ शिथिल

महाकुम्भ में हो रहे घटनाओं के लिए केंद्र सरकार दोषी : हीरा प्रभाकर

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। जिला कांग्रेस ने महाकुम्भ को हिन्दुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ और केन्द्र सरकार के ना काफ़ी सुरक्षा और आवागमन की कु व्यवस्था ने हीं श्रद्धालुओं को मरने के लिए छोड़ दिया गया है। उक्त बात जिला कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष कुमार हीरा प्रभाकर ने 29 जनवरी और 15 फरबरी को श्रद्धालुओं के मौत पर दुःख और गहरी संवेदना व्यक्त करते हुये कहा। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं के लिए केन्द्र सरकार और यूपी सरकार के कुप्रबंधन का परिणाम है और यह हादसा नहीं बल्कि नरसंहार है ! मोदी जी को सनातन के नाम पर जनता का वोट बैंक बनाने की आदत है।

सरकार ने महाकुम्भ को 144 वर्ष के बाद कुम्भ लगने और आवागमन की सारी सुबिधा देने का वादा और झूठी प्रचार प्रसार कराकर श्रद्धालुओं को कुम्भमें आने को मजबूर किया। मोदी सरकार को कुम्भ नहाने से ज्यादा अपना वोट बैंक बनाने और विश्व रिकॉर्ड कराने का फ़क्रि था। महाकुम्भ में वींआईपी कलचर और कुव्यवस्था और सब कुछ ठीक होने का दावा करने वाले योगी जी अपनी महिमा मंडित करने में लगे रहे। दूसरी तरफ ट्रेनों में यात्री पीटते रहे और गाड़ियों के शीशे टूटते रहे। रेल प्रशासन सोती रहीं क्योंकि इनको यात्रियों की सुरक्षा से ज्यादा रेलवे को अपनी कमाई की चिंता थी जबकि कुम्भ से अखाड़े जा चुके हैं फिर भी भारत के सभी रेलवे स्टेशनों पर कुम्भ जाने की भारी भीड़ और अफरातफरी अभी भी है और कुछ स्पेशल ट्रेन देकर वाहवाही में लगी है। श्री प्रभाकर ने कहा कि दोनों घटनाओं के लिए केन्द्र सरकार ही दोषी है इसलिये राष्ट्रपति महोदया से इस सरकार को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की।

ब्राह्मण महासभा की बैठक सह विचार गोष्ठी आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवादाता। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में संगठनात्मक सह सहयोगात्मक विचार गोष्ठी के तहत नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 20 अवस्थित सनातन नगर में रविवार को बैठक आयोजित कि गई। शिक्षाविद चंद्रशेखर झा कि अध्यक्षता एवं अवधेश कुमार झा अवध के संचालन में आयोजित इस बैठक में राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश कुमार झा ने संगठन कि आवश्यकताओं पर बल देते हुए समाज में सहयोगात्मक विचारों एवं एक दुसरे का पुरक बनने कि बात कही।

वही बैठक के दौरान ग्रामीण इकाई गठित कर संगठन को विस्तारित करने तथा समाज के युवाओं को हुनरमंद बनाकर उसके शैक्षणिक सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए आत्मनिर्भर बनाना ब्राह्मण महासभा का मुख्य उद्देश्य है। वही सामाजिक समरसता आपसी समन्वय भाईचारे को विकसित करने का संकल्प व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर सामाजिक उन्नयन हेतु संतोष दिक्षित, चंदन मिश्रा राजीव रंजन, प्रकाश कुमार, मृनाल मुकेश भारद्वाज, पं० भगवान झा, आनंद कुमार झा, संजीव कुमार मिश्र, दया कांत झा, सोहन कुमार मिश्र, मनिष कुमार झा, पवन कुमार मिश्रा ने ब्राह्मण महासभा को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। सर्वसम्मति से शिक्षाविद चंद्रशेखर झा को राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के वार्ड नंबर 20 हेतु प्रभारी बनाया गया साथ ही हरेक महीने बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

राहत स्वयंसेवी संस्था के अथक प्रयास से एक लड़की को जीवनदान मिला

लोक तंत्र कीआवाज

कटिहार। राहत स्वयंसेवी संस्था के अथक प्रयास से एक लड़की को जीवनदान देने में अहम भूमिका निभाई है। सोमवार को कटिहार जिले के फलका क्षेत्र की इंटरमीडिएट की परीक्षा देने के बाद अपने शैक्षणिक योग्यता से संबंधित दस्तावेज एवं बैंक के पासबुक सहित अन्य घरेलू सामान एक बैग में लेकर घर में पिताजी से कह कर निकला कि मैं बैंक जा रही हूं। लेकिन अपने घर से निकलने टेंपो में सवार होकर फलका बस स्टैंड पहुंची। फलका बस स्टैंड में बस में सवार होकर कटिहार सहायक थाना के समीप बस स्टैंड में उतर गई। कटिहार बस स्टैंड से टोटो पर सवार होकर रेलवे स्टेशन पहुंच गई। रेलवे स्टेशन पहुंचने के पश्चात टिकट काउंटर पर जाकर कटिहार से बेंगलुरु जाने की द्वितीय श्रेणी का सामान्य टिकट ले ली।

टिकट लेने के पश्चात बैंगलोर जाने वाली ट्रेन का प्लेटफार्म संख्या एक पर इंतजार कर रही थी।

इसी बीच राहत स्वयंसेवी संस्था के कर्मचारी हसन बानो, संगीता कुमारी, विपिन कुमार जब उसे लड़की को निराश्रित अवस्था में देखा, तो लड़की से बातचीत किया। तो लड़की ने बताई की मैं अकेली ही घर से निकली हूं। और किसी खास व्यक्ति से मिलने के लिए बेंगलुर जा रही हूं। लेकिन लड़की काफी डरी, सहमी और घबराई हुई थी। राहत संस्था के कर्मचारियों को लड़की को देखकर लगा कि लड़की काफी परेशान है और काफी भयभीत भी दिखा। ऐसी स्थिति में राहत संस्था के कर्मचारियों ने गहन पूछताछ की और लड़की को अपने संरक्षण में लेने के पश्चात काउंसलिंग किया गया। काउंसलिंग में आधार कार्ड एवं शैक्षणिक दस्तावेज का भी अवलोकन किया गया, तो लड़की का उम्र लगभग 19 वर्ष पाया गया।ऐसी स्थिति में लड़की के सर्वोत्तम हित को देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लाया गया। जहां रेलवे सुरक्षा बल की महिला पदाधिकारी मुक्ति शील ने भी गहन पूछताछ की।

- वन स्टॉप सेंटर ने लड़की को पिता एवं मामा को सौंपा

पूछताछ में के बाद आरपीएफ पोस्ट में मामला दर्ज किया गया।वन स्टॉप सेंटर ले जा कर उपस्थित करने का निर्णय लिया गया। ताकि लड़की अपने परिवार से मिल सके।

राहत स्वयंसेवी संस्था ने लड़की को वन स्टॉप सेंटर के केंद्र प्रशासिका प्रभा पांडे से दूरभाष पर बात कर लड़की को उपस्थित किया। वन स्टॉप सेंटर के केंद्रीय प्रशासिका प्रभा पांडे ने बताया कि राहत स्वयंसेवी संस्था के कारण एक लड़की को जीवन दान मिला और वह सुरक्षित विधिवत उपस्थित किया है। लड़की का से बातचीत से पता चला कि यह अपने बॉयफ्रेंड से मिलने के लिए बेंगलुरु जा रहा था। रास्ते में उनके साथ कुछ भी अनहोनी हो सकता था।लेकिन राहत संस्था ने इसे सुरक्षित कर दिया है। केंद्रीय प्रशासिका प्रभा पांडे ने बताया कि विधि संमंत कार्रवाई करते हुए लड़की को पिता एवं मामा को सौंप दिया गया है।वन स्टॉप सेंटर के केंद्र प्रशासिका प्रभा पांडे ने बताया कि संस्था के विधिक सलाहकार प्रवीण कुमार झा का अहम भूमिका रहा।

संक्षिप्त खबरें ।

दस साल की बच्ची के साथ बलात्कार हत्या को दिया अंजाम

लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

जामताड़ा(झारखंड)। डाबर गांव की 10 साल की बच्ची का रेप के बाद मर्डर कर दिया गया। इल्जाम है कि गांव के ही एक लड़के ने इस महापाप को अंजाम दिया। सूचना मिलते ही नाला पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल डाबर के भदरबुड़ी डंगाल (जंगल) पर पहुंच गई। बच्ची की मृत शरीर को बरामद किया। घटनास्थल से कुरकुरे सहित अन्य सामग्री पुलिस ने जब्त की है। बताया जाता है कि 10 वर्षीय बच्ची बीते शनिवार से ही लापता थी। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन की गई, तत्पश्चात नाला थाना में आवेदन दिया गया। मालूम हो कि मृत्तिका के पिता मुकेश राउत, मां मुनि राउत के लिखित बयान के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं नामजद आरोपी के गिरफ्तारी को लेकर भी पुलिस छापेमारी कर रही है। परिजन जल्द से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं। रऊद्धड मनोज कुमार महतो, नाला थाना प्रभारी प्रदीप राणा, एसआई हेमकांत ठाकुर ने पुलिस बल के साथ पूरे गांव का मुआयना किया। इसके अलावे पुलिस द्वारा संदिग्ध आरोपी के परिजन व अन्य लोगों से भी गहनता से पूछताछ कर रही है। फिलहाल नामजद आरोपी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है। बताया जाता है कि मृत नाबालिक बच्ची जीवनपुर स्कूल के तीसरी कक्षा में पढ़ रही थी।

पलामू गोलीकांडः शिकार करने के दौरान दोस्तों ने दोस्त को मारी गोली, जंगली जीव का कर रहे थे शिकार

लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

पलामू(झारखंड)। शिकार करने के दौरान दोस्तों ने दोस्त को गोली मार दी है. सभी दोस्त जंगली जीव का शिकार कर रहे थे. इसी क्रम में जावेद खान नामक युवक को गोली लगी है. जावेद पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के बंशी खुर्द गांव के रहने वाले हैं. बता दें कि शुरुआत में यह खबर निकल कर आई थी कि जावेद को अपराधियों ने गोली मारी है. पुलिस की जांच में कई बातों का खुलासा हुआ है और यह बात निकाल कर सामने आई है कि जंगली जीव के शिकार के दौरान फायरिंग की घटना हुई है. जावेद खान को पीठ में पीछे तरफ से गोली लगी है, जावेद को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया. बाद में परिजन द्वारा किसी निजी अस्पताल में जावेद को इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि बंशी खुर्द के रहने वाले अशद खान, शेरू खान, शब्बीर खान, सानिधु खान, सकील खान और जावेद खान शिकार पर गए थे. शिकार के दौरान ही जावेद खान को पीछे से गोली लगी है. पुलिस पूरे मामले में अनुसंधान कर रही है और कार्रवाई कर रही है. पूरे मामले में एफआईआर दर्ज की जा रही है और फायरिंग की घटना में शामिल लोगों की तलाश की जा रही है. जिस इलाके में यह घटना हुई है वह इलाका जंगली है और इलाके में कई प्रकार के वन्यजीव भी मौजूद हैं. पुलिस के अनुसंधान में कई बातों का खुलासा हुआ है।

साहेबगंजः उपायुक्त हेमंत सती ने भूमि संरक्षण योजनाओं की समीक्षा बैठक की

लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

साहेबगंज। उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में भूमि संरक्षण विभाग के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2024–25 के लक्ष्यों की जानकारी ली और विभागीय पदाधिकारी को कार्यों की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में पदाधिकारी ने अब तक की प्रगति, क्रियान्वित योजनाओं, एवं भविष्य की कार्ययोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उपायुक्त ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए कहा कि भूमि संरक्षण एवं जल प्रबंधन से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए, जिससे कृषि क्षेत्र को लाभ मिल सके। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय–सीमा में पूरे किए जाएं और गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। बैठक में भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं का सही क्रियान्वयन ही किसानों की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने विभाग को आवश्यक संसाधन और तकनीकी सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।

विस्थापित डीवीसी के लोगों ने तीन दिवसीय धरना आंदोलन कि तैयारी में किया बैठक

लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड)। दामोदर घाटी विस्थापित एवं स्थानीय समन्वय समिति की केंद्रीय समिति की बैठक मैथन डैम के फूलबागान, नेहरू भाषण मंच पर हुई। बैठक में पंचेत, कोनार, डैम तिलैया, बीटीपीएस और मैथन के विस्थापित एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। चर्चा के दौरान सभी प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से स्थानीय और विस्थापित अपने पूर्वजों का 1 मिनट का मौन रखकर एवं दीप प्रचलित कर बैठक की शुरू किया गया, डीवीसी प्रबंधन के भेदभावपूर्ण रवैये के खिलाफ खड़े होकर उनके खिलाफ नारा भी लगाया । उन्होंने अपने अधिकारों और अस्तित्व के लिए लड़ने का संकल्प लिया। बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद निम्नलिखित निर्णय लिए गए आंदोलन के पहले चरण में बिष्णुगढ़ विस्थापित डीवीसी कोनार डैम परियोजना पर तीन दिवसीय धरना देंगे।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित सदस्यों का नाम उत्पल चक्रबर्ती केंद्रीय महामंत्री, अमर नाथ साव मैथन शाखा सचिब, अध्यक्ष सजल रजक, मैथन शाखा, उपाध्यक्ष शितल राय मैथन एमडी नईम अंसारी, पंचेत बदन दास, , शुभाष मण्डल, किशोर माराण्डी, दिनोबधु महतो, एम.डि. 1 , काशीनाथ साव श्यामल बाउरी, शिशीर राय, रोबिन मिर्धा जामताड़ा, कोनार डेम विस्थापित संघ सह कोर कमेटी अध्यक्ष सुरेश राम, माही पटेल उर्फ महेंद्र महतो ,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि छोटेलाल बेसरा, बबलू बेसरा, मनोज बेसरा, भीखन लाल हेंब्रम, विनोद सहित सैकड़ो बीस्थापित न्यू प्रभावित उपस्थित थे

2. मार्च 2025 में बीटीपीएस में एक बैठक आयोजित कर नई समिति का गठन किया जाएगा।

समिति ने निम्नलिखित मांगों को प्राप्त करने के लिए लड़ाई जारी रखने का निर्णय लिया हैः

विस्थापित लोगों को विस्थापित प्रमाण पत्र के साथ पुनर्वासित भूमि पर मालिकाना हक दिया जाना चाहिए।

3. डीवीसी क्वार्टरों की वर्तमान लीज नीति को रद्द किया जाना चाहिए।

4. झारखंड सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार विस्थापितों और स्थानीय व्यक्तियों को अस्थायी नौकरियों में सभी रोजगार में प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

5. झारखंड विधानसभा के समक्ष किए गए वादे के अनुसार जामताड़ा में सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) पहल तुरंत शुरू होनी चाहिए।

6. यदि अधिग्रहित भूमि का उपयोग मूल अधिग्रहण उद्देश्य के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए किया जाता है, तो डीवीसी को विस्थापित व्यक्तियों को बाजार मूल्य पर मुआवजा देना चाहिए।

7. प्रभावित व्यक्तियों की आजीविका छीनने की कीमत पर कोई परियोजना नहीं बनाई जानी चाहिए।

8. निगम की नीति के अनुसार विस्थापित व्यक्तियों को छोटे–मोटे ठेकों के लिए सूचीबद्ध किया जाना चाहिए।

9. सुरक्षा के नाम पर विस्थापित व्यक्तियों के प्रतिनिधियों को कार्यालय में प्रवेश से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

10. पंचेत के मछुआरा सहकारी समिति को वैकल्पिक आजीविका हासिल करने में मदद करने के लिए तकनीकी और वित्तीय सहायता के साथ–साथ सर्वोत्तम अवसर प्राप्त होने चाहिए।

11. सूचीबद्ध विस्थापित व्यक्तियों को अनुकंपा उम्मीदवारों के बराबर मुआवजा मिलना चाहिए।

12. विस्थापित व्यक्तियों के बच्चों को केंद्रीय विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिया जाना चाहिए।

13. डीवीसी परियोजना के 10 किलोमीटर से परे पुनर्वासित गांवों को डीवीसी बांध परियोजना के निर्माण के दौरान हमारे देश के प्रतिष्ठित नेताओं की प्रतिबद्धताओं के अनुसार सर्वांगीण विकास प्रदान किया जाना चाहिए।

14. दामोदर घाटी निगम की स्थापना के दिन यानी 7 जुलाई को विस्थापित लोग ₹बलिदान दिवस₹ के रूप में मनाएंगे।

15. अंत में यह निर्णय लिया गया कि दामोदर घाटी निगम की स्थापना के दिन यानि 7 जुलाई को विस्थापित लोग ₹बलिदान दिवस₹ के रूप में मनाएंगे। बैठक के दौरान प्रतिनिधियों ने बताया कि धनबाद, गिरिडीह और हजारीबाग के माननीय सांसदों ने विस्थापितों की मांगों को पूरा करने में अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया है। इसके अतिरिक्त डुमरी के माननीय विधायक ने भी अपना समर्थन दिया है। झारखंड के माननीय मंत्री और विधायक डॉ. इरफान अंसारी ने विधानसभा में इस मुद्दे को उठाकर जामताड़ा में सीएसआर पहल को लागू करने का रास्ता खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समिति ने इन मांगों को पूरा करने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों से, चाहे वे किसी भी राजनीतिक दल के हों, सहयोग लेने का संकल्प लिया है।

कोटालपोखर मुख्य सड़क पर भीषण हादसा, 10 चक्का हाईवा 20 फीट गहरी खाई में गिरा

लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

बरहरवा।कोटालपोखर मुख्य सड़क पर सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार और ओवरलोडेड 10 चक्का हाईवा का ड्राइवर अपना संतुलन खो बैठा, जिससे वाहन महारो बड़ा पुल के समीप एक पेड़ से टकराकर 20 फीट गहरी खाई में गिर गया। हादसे के दौरान गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाईवा की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके चलते ड्राइवर उसे नियंत्रित नहीं कर पाया और यह हादसा हो गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सड़क पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। हालांकि, घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। फिलहाल, पुलिस को हादसे की सूचना दे दी गई है, और मामले की जांच जारी है।

उपायुक्त हेमंत सती ने बाल गृह बॉडरी और वेस्ट टू वंडर पार्क का किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज़

निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

साहिबगंज(झारखंड)। उपायुक्त हेमंत सती ने बाल गृह बॉडरी का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाल गृह में रहने वाले बच्चों की स्थिति, सुरक्षा और सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इसके साथ ही, उपायुक्त ने बाल गृह के पीछे जिले में नव–निर्माण किए जाने वाले वेस्ट टू वंडर पार्क और डिजिटल लाइब्रेरी का भी स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित कार्यकारी एजेंसियों को कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। वेस्ट टू वंडर पार्क जिले में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित किया जा रहा है, जिसमें अपशिष्ट सामग्री से कलात्मक और आकर्षक संरचनाएं बनाई जाएंगी। वहीं, डिजिटल लाइब्रेरी के निर्माण से छात्रों और आम नागरिकों को आधुनिक शिक्षा और डिजिटल संसाधनों की सुविधा मिलेगी।

जिले में कल से प्रारंभ होगा गुमला लिटरेचर फेस्टिवल

लोकतंत्र की आवाज़

- तीन दिनों के इस आयोजन का जायजा लेने पहुंचे उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी

निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

गुमला(झारखंड)। गुमला जिले में आयोजित होने वाले द्वितीय गुमला लिटरेचर फेस्टिवल को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। यह बहुप्रतीक्षित साहित्यिक महोत्सव 15 फरवरी 2025 को अपराह्न 4:00 बजे से प्रारंभ होगा तथा 16 एवं 17 फरवरी को पूर्वाह्न 10:00 बजे से संध्या 6:00 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर देशभर के ख्यातिलब्ध लेखक, कवि, साहित्यकार, कथाकार एवं रचनाकार अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

उक्त त्रिदिवसीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी बिरसा मुंडा एग्रो पार्क पहुंचे, जहां उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर संपूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने गेस्ट्स के आगमन हेतु वाहन व्यवस्था, लाइजनिंग ऑफिसर्स की जिम्मेदारी, स्टेज एवं साउंड मैनेजमेंट, लाइव स्ट्रीमिंग, सिक्योरिटी, ट्रैफिक प्रबंधन, रजिस्ट्रेशन डेस्क, फूड काउंटर सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की बारीकी से निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम जिले के साहित्य प्रेमियों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर होगा, जिसमें हजारों की संख्या में विभिन्न प्रकाशकों एवं लेखकों की पुस्तक प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

इसके अतिरिक्त, नागरिकों के मनोरंजन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों, गुमला हाट एवं जिले से जुड़े महत्वपूर्ण उत्पादों की प्रदर्शनी तथा लाइव शो का भी आयोजन किया जाएगा। पूरे आयोजन स्थल की भव्य सजावट की जा रही है, जिससे आगंतुकों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। यह निःशुल्क कार्यक्रम सभी नागरिकों के लिए खुला रहेगा, जिसमें टॉक शो, ओपन माइक सहित कई साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गुमला, परियोजना निदेशक आई टी डी ए, एसडीओ सदर, एसडीओ चैनपुर डीसीएलआर गुमला, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, डीपीएम जे एस एल पी एस, सीडीपीओ गुमला सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

महाकुंभ को लेकर डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त बल और मजिस्ट्रेट तैनात, डीसी ने किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज़

निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

पलामू(झारखंड)। महाकुंभ को लेकर पलामू के डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त बल और दंडाधिकारी की तैनाती की गई है. अतिरिक्त बल, दंडाधिकारी और स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रतिदिन शाम पांच बजे से देर रात तक डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर कैंप करेगी. दिल्ली रेल हादसे के बाद विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को लेकर समीक्षा की जा रही है.

पलामू डीसी शशि रंजन के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया है. इस निरीक्षण में नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर एसडीएम सुलोचना मीणा समेत कई अधिकारी मौजूद थे. डीसी शशिरंजन ने बताया कि महाकुंभ को लेकर डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया गया है. दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की समीक्षा की गई है. डीसी ने बताया कि प्रतिदिन सिविल सर्जन के नेतृत्व में एक स्वास्थ्य की टीम रेलवे स्टेशन पर कैंप करेगी. डीसी ने बताया कि प्रतिदिन 10 से 15 हजार श्रद्धालु प्रयागराज जा रहे हैं. रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न सुविधाओं की समीक्षा की गई है एवं यात्री सुविधाओं को बढ़ाने का निर्देश दिया गया है. रांची से प्रयागराज जाने के रास्ते में डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पड़ता है. डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना के अंतर्गत है, जहां से प्रतिदिन हजारों लोग प्रयागराज जा रहे हैं. रेलवे की तरफ से डाल्टनगंज के लिए स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जा रही हैं, जो यहां से होती हुई प्रयागराज जाती है. इस दौरान सहायक मंडल अभियंता मनोहर कुमार, टीआई अनिल कुमार तिवारी, स्टेशन मास्टर उमेश कुमार सीटीआई विकास कुमार समेत कई रेलवे अधिकारी मौजूद थे।

खरकी पंचायत के बलकमक्का में जंगल बचाव जागरूकता अभियान चलाया गया

लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड)। विष्णुगढ़ प्रखंड के अंतर्गत खरकी पंचायत के बलकमक्का में रविवार को जंगल बचाव जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षों का पूजन, भूमि पूजन की गई। तत्पश्चात अभियान की शुरुआत खरकी पंचायत के लगभग सभी टोले से होते हुए पिपरियाटांड़, नागीटांड, ठाकुरवादी बलकमक्का, हथबजवा, पारटांड़, अंबाटांड पहुंच कर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही पुनः बलकमक्का पहुंच कर सभी गांव के महिलाओं सहित पंचायत के सामाजिक लोगों के सहमति से लाल रंग के कपड़े से वृक्षों का रक्षाबंधन किया गया। अभियान के दौरान महिलाएं पूरे पंचायत के हर एक टोला में भ्रमन कर संबोधित कर लोगों को आवाहन कर अब जंगल से बिल्कुल लकड़ी लाना और पेड़ पौधों को काटना मना है। गांव की कई महिलाएं के द्वारा इस पर विरोध किया जा रहा था. पर जंगल बचाओ अभियान को सफल बनाने में महिलाओं ने विशेष रूप से योगदान दिया।

इस अभियान के दौरान लोगों को हिदायत दी गई की जंगल जाकर पेड़ों को काटना नहीं है

जंगल में आग लगाना नहीं है जंगल में अगर विशेष या बहुत जरूरी हो तभी आप पेड़ों को काट सकते हैं और वह भी बिना इजाजत के पेड़ काटना सख्त मना है। जंगल में अगर पत्तों में आग लगाना है तो एक जगह जमा करके ही आग लगाकर उसे बुझा कर आना होगा ऐसे कई नियम बनाए गए हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पंचायत के सभी समाजसेवी सहित जनप्रतिनिधि गण की उपस्थिति अपेक्षित की गई थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका पंचायत के पंचायत समिति विनोद सोरेन इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। उन्होंने अपने संबोधन में जंगल बचाओ संबंधित कई बाते की। साथ ही लोगों से जंगल बचाव के लिए अपील की। मौके पर समाजसेवी कारू महतो, निरंजन महतो, रामप्रसाद महतो, राजकिशोर पटेल सहित कई महिलाओं ने जंगल से संबंधित महत्वपूर्ण बातों को रखे

इस अभियान में मुख्य रूप से कारू महतो, घनश्याम महतो, बासुदेव महतो, नुनुचंद महतो, निरंजन महतो, रेवतलाल महतो, रामप्रसाद महतो, धनेश्वर महतो, मुद्रिका देवी, सरिता देवी, मनवा देवी, सीता देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी, बबिता देवी इत्यादि भारी संख्या में ग्रामीण महिला एवं पुरुष शामिल थे।

गिरिडीह नगर निगम में ली राहत की सांस, है सर पर चुनाव

लोकतंत्र की आवाज

विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)

गिरिडीह,झारखंड। गिरिडीह नगर निगम में चुनाव की बिगुल फूंकी जा चुकी है कार्य प्रगति पर है पूर्ण होते ही घोषणाओं का दौर भी प्रारंभ हो जाएगा परंतु एक बात जो गिरिडीह नगर निगम के लिए राहत की हुई वह यह की झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लॉयमेंट फेडरेशन के साथ समझौता सफला हो गया तथा 18 02.2025 से गिरिडीह नगर निगम के कर्मियों द्वारा जो हड़ताल घोषित की गई थी वह फिलहाल टल गई। लेकिन फिलहाल झारखंड लोकल बॉडीज इप्लॉयमेंट फेडरेशन के पदाधिकारी एवं नगर निगम के पदाधिकारी के बीच की वार्ता के आधार पर यह कहा जा सकता है कि ज्यादातर समझौते भविष्य काल पर भविष्य काल के लिए छोड़ दिए गए हैं आप इस बात पर अवश्य गौर करें कि जो सफाई कर्मी है।

वह किस जाति समूह से आते हैं यदि इस जाति वर्ग की परेशानियां का परेशानियों का चिष्ठा निगम की इन लोगों की प्रति कार्य प्रणालियों के साथ जोड़ दिया जाए तो तस्वीर उभर कर जो सामने आएगी वह झारखंड सरकार के लिए भी दृष्टिगोचर करने योग्य होगा। जो भी हो लेकिन राहत की सांस ली जा सकती है क्योंकि झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लॉयमेंट फेडरेशन की गिरिडीह शाखा के तत्वावधान में कर्मियों की जो लंबित मांगे थी उस पर 17. 02 2025 को जो लिखित समझौता हुआ उस समझौते में नगर प्रशासन ,सहायक नगर आयुक्त लेखा पदाधिकारी मौजूद थे एवं फेडरेशन की ओर से प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह प्रमंडलीय अध्यक्ष शब्बीर अंसारी अध्यक्ष अंजीत चंद्र जिला मंत्री लखन हरिजन कोषाध्यक्ष लखन शर्मा समेत दर्जन भर नेता मौजूद थे।

शहीद वीर बुधू भगत जयंती समारोह में शामिल हुईं मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह

लोकतंत्र की आवाज़

निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

लोहरदगा(झारखंड)। हर वर्ष की भांति इस बार भी विकास मेला–सह–जयंती समारोह का आयोजन मैना बगीचा में आयोजित किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह, माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग, झारखण्ड, रांची तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इससे पूर्व माननीय मंत्री व अतिथियों द्वारा मैना बगीचा में वीर बुधू भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि राज्य में जितने शहीदों की जन्मस्थली है वहां को विशेष पहचाने दिलाने का कार्य राज्य सरकार करेगी। टीको, कुडू में शहीद वीर बुधू भगत, शहीद हलधर, गिरधर, रूनिया एवं झुनिया की शहादत स्थली को पर्यटन स्थल के रूप में राज्य सरकार पहचान दिलाएगी। नई पीढी के युवाओं को भी शहीदों के बारे जानना चाहिए। जहां–जहां शहीदों की याद में कार्यक्रम उनकी जन्मस्थली में आयोजित हो रहे हैं, सरकार ऐसे स्थानों में जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रही है। माननीय मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान कर रही है। युवाओं को रोजगार दे रही है। आवास योजना, मईंया सम्मान योजना आदि से अच्छादित किया जा रहा है। युवाओं को कुशल बनाकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जा रहा है। हम उद्योग लगाएंगे ताकि यहां के युवाओं को यहीं रोजगार मिल सके। सुदूरवर्ती गांवों को मुख्य धारा से जोड़ेंगे।

टीको शहादत स्थल को पर्यटन क्षेत्र के रूप में करेंगे विकसित - सुखदेव भगतः सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि कुडू प्रखंड के ग्राम टीको में वीर बुधू भगत, उनके बेटों व बेटियों के शहादत स्थल को राज्य सरकार के प्रयास से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेंगे। यहां के बच्चों को राज्य के शहीदों के बारे उनके पाठ्य–पुस्तकों में ही जानकारी मिले, इसके लिए राज्य सरकार से बातचीत कर पाठ्य पुस्तक में इस अध्याय को शामिल कराया जाएगा। शहीद वीर–बुधू भगत ने लरका आंदोलन में बड़ी भूमिका निभायी। जल, जंगल और जमीन के लिए उन्होंने ना सिर्फ अपनी शहादत दी बल्कि उनके दो बेटों हलधर और गिरधर, बेटियों रूनिया और झुनिया ने भी अपनी शहादत दी। हम सभी को मिल कर जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए कार्य करना है। सांसद ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से सरना कोड को पास कर केंद्र सरकार के पास भेज दिया है। हम पूरी कोशिश करेंगे कि सरना कोड लागू हो जाए।

परिसंपत्तियों का वितरणः आज के कार्यक्रम में माननीय मंत्री द्वारा जेएसएलपीएस के 740 महिला स्वयं सहायता समूहों के बीच 3.70 करोड़ रुपये, 39 स्वयं सहायता समूहों एवं 22 ग्राम संगठनों के बीच 33.70 लाख रुपये और 527 स्वयं सहायता समूहों के बीच 18.79 करोड़ रुपये की राशि चेक के माध्यम से वितरित की गई। आज के कार्यक्रम में राजेश ठाकुर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत, सांसद प्रतिनिधि के निजी सचिव आलोक साहू, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद, माननीय सांसद के सुपुत्र अभिनव सिद्धार्थ आयोजन समिति के अध्यक्ष, सचिव व सदस्यगण व जिला के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें ।

बिजनौर स्कूली बस घुसी दुकान में, कई बच्चे जख्मी

लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट रोहित कुमार

स्योहारा। आज सुबह स्कूल की बस में सवार होकर गांव से स्कूल जा रहे मासूमों में उस समय चीख पुकार मच गई जब बस एक दुकान में जा घुसी, घटना में कुछ बच्चे मामूली रूप से घायल बताए जा रहे हैं। प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय एम एम स्कूल में लगी बस आज सुबह ग्राम रेनी से बच्चों को स्कूल परीक्षा दिलाने आ रही थी बताया जारहा है। कि बस चालक की लापरवाही से बस सड़क किनारे स्थित एक परचून की दुकान में जा घुसी हालांकि उस समय दुकान पर भी कोई ग्राहक आदि नही था। जिसके चलते एक बड़ा हादसा होने से बच गया लेकिन बस में सवार तीस बच्चों में से मोहिनी पुत्री अतुल विश्नोई, गोरी शर्मा पुत्री आशु शर्मा व अन्य कुछ और बच्चे भी मामूली चोटिल बताए जा रहे हैं। वही स्कूल प्रबंधक ने बताया कि सभी बच्चे सकुशल हैं और कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है।

ऐट जालौनः नहर में मिला अज्ञात युवक का शव

लोकतंत्र की आवाज

ऐट जालौन। नहर में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप। एट थाना क्षेत्र के ग्राम हरदुआ गांव के पास नहर में एक अज्ञात युवक का शव तैरता हुआ मिला। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई गई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने शव की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन शव की पहचान अभी तक नही हुई । सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विमलेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, लेकिन शव की पहचान नही हो सकी। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतक की पहचान और मौत के कारणों की जांच में जुटी।

राजभवन कूच की घोषणा से सक्रिय हुआ प्रशासन

लोकतंत्र की आवाज
सीतापुर राकेश पाण्डेय

सीतापुर। समाजवादी छात्र सभा सीतापुर,पिछले सात महीनों से आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा के कायाकल्प के लिए संघर्षरत थी।सोलह दिसम्बर को समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष शिवम सिंह के नेतृत्व में मौन प्रतिरोध भी किया गया था। लेकिन प्रशासन ने इस ओर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा। शिवम सिंह ने घोषणा की थी कि यदि उन्निस फरवरी तक प्रतिमा का कायाकल्प नही हुआ,तो वे राज्यपाल से मिलने राजभवन जाएंगे। जब पन्द्रह फरवरी तक भी कार्य नहीं हुआ,तो उन्होंने राजभवन कूच की घोषणा कर दी।इसके बाद जिला प्रशासन हरकत में आया और प्रतिमा के कायाकल्प का कार्य तत्काल शुरू करा दिया। समाजवादी छात्र सभा के इस संघर्ष और संकल्प के परिणामस्वरूप आज आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा का नवनिर्माण पूरा हो चुका है। शिवम सिंह ने बताया उन्निस तारीख को आचार्य नरेंद्र देव की पूण्य तिथि मनाई जायेगी।

केंद्रीय मंत्री द्वारा निराश्रित,गरीब व असहाय लोगों को कम्बल वितरण किया गया है

लोकतंत्र की आवाज़

गया । केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार जीतनराम मांझी के कर कमलों के द्वारा निराश्रित,गरीब व असहाय लोगों को गया शहर, डेल्हा स्थित मांझी टोली में कम्बल वितरण किया गया है।

इस कंबल वितरण में मुख्य रूप से केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी क़ी बेटी पुष्पा मांझी , जदयू जिलाध्यक्ष महानगर गया राजकुमार प्रसाद उर्फराजू बरनवाल एवं हम पार्टी के गया महानगर अध्यक्ष मुकेश चौधरी के संयुक्त रूप से केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के दिशा निर्देश पर आज 500 गरीबों को नि:शुल्क कम्बल वितरण किया गया तथा आयुष्मान योजना,विधवा पेंशन,वृद्धावस्था पेंशन आदि योजनाओं के बारे में जानकारी भी दी गयी है।बरनवाल ने कहा कि गरीबों को ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार द्वारा गरीब,असहाय, निर्धन व विकलांग को ठंड से बचाव के लिए कम्बल का वितरण किया जा रहा है। इस कम्बल वितरण के अवसर पर गोपाल प्रसाद, संजू चौधरी, एस.के सिन्हा, बिट्टू कुमार, रवि रंजन कुमार सहित गया शहर के प्रबुद्ध लोग एवं स्थानीय नेतागणों व सामाजिक कार्यकर्ता गणों की मौजूद रही है।

सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म लखनऊमाला श्रीवास्तव ने जालौन में खनन क्षेत्र भंडारण स्थल एवं अवैध परिवहन प्रभावी नियंत्रण हेतु चेकगेट का औचक निरीक्षण किया

लोक तंत्र की आवाज

उरई जालौन। सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उ०प्र० लखनऊ माला श्रीवास्तव ने जनपद हमीरपुर एवं जनपद जालौन स्थित खनन क्षेत्र भण्डारण स्थल तथा अवैध परिवहन में प्रभावी नियत्रंण हेतु लगे चेकगेट का औचक निरीक्षण किया गया। जनपद हमीरपुर में स्वीकृत खनन क्षेत्रों से बाहर अवैध खनन की जांच किया गया। स्वीकृत क्षेत्र के बाहर अवैध खनन मिलने पर खनन निरीक्षक की जबाब देही तय करने के लिये निर्देशित किया गया। प्रवर्तन के समय कानपुर में 03 बिना वैध प्रपत्र में उपखनिज लदे वाहन का जांच किया गया। उक्त तीनों वाहन का वाहन चालकों से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ है कि उक्त वाहन जनपद बादां एवं महोबा से उपखनिज लोड कर अवैध परिवहन कर रहा है, जिसके सम्बन्ध में जनपद बादां एवं महोबा का खनन अधिकारी से जबाब तलब करने के लिये निर्देशित किया गया।

साथ–साथ सोर्स पोन्ट पर ओवर लोड गाडी को रोकने के लिये भी उन्होंने सचिव सम्बन्धित खनन अधिकारियों तथा जिला प्रशासन के अधिकारी को निर्देशित किया गया। निदेशालय के टीम द्वारा जनपद जालौन के ग्राम गुढा सुरहती एवं दशहरी स्थित 05 बालू/मौरम भण्डारण स्थल का भी निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के समय भण्डारणकर्ता द्वारा भण्डारण स्थल से सम्बन्धित अभिलेख जांच टीम को प्रस्तुत नही कर पाया, जिस पर उन्होंने ने अप्रसन्नता व्यक्त किया गया है, तथा मौके पर उपस्थित खान अधिकारी को सम्बन्धित अभिलेखों को निदेशालय की टीम को उपलब्ध कराने का निर्देश दिए। जनपद जालौन के जोल्हुपुर स्थित चेक गेट का निरीक्षण के समय सचिव महोदया द्वारा जोल्हूपुर स्थित चैक गेट को अन्य किसी उपर्युक्त स्थान पर पुनः स्थापित करने के लिये अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) को निर्देशित किया गया, साथ ही साथ जनपद में उपखनिज परिवहन हेतु वाहनो में मानक से अधिक लगाये गये अतिरिक्त बॉडी को चिन्हित कर कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि अवैध खनन परिवहन में प्रभावी नियंत्रण हेतु

टास्क फोर्स समिति को निरंतर भ्रमणशील रहकर कार्यवाही के कड़े निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, उप जिलाधिकारी कालपी सुशील कुमार, खान अधिकारी जी0के0 दत्ता, निदेशालय से कमल कश्यप सीनियर खान अधिकारी, अजित पांडे खान अधिकारी, विकास परमार्थ खान अधिकारी हमीरपुर आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

पथरगामा के चिकित्सा प्रभारी डॉ. मोहन पासवान को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया

लोकतंत्र की आवाज़

निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

पथरगामा(झारखंड)।झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ रांची द्वारा आयोजित स्थापना समारोह में पथरगामा चिकित्सा प्रभारी डॉ. मोहन पासवान को उनके अद्वितीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने उन्हें सम्मानित किया और उनकी सेवाओं को सराहा। डॉ. मोहन पासवान को इससे पहले भी स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके योगदान के लिए महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया था। इसके अलावा, उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए भी नामित किया गया है।

डॉ. मोहन पासवान न केवल एक समर्पित चिकित्सा अधिकारी हैं, बल्कि एक सक्षम सर्जन भी हैं। उन्होंने कई सर्जरी सफलतापूर्वक की हैं और हमेशा अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी से निभाया है। उनके प्रयासों से पथरगामा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर बेहतर हुआ है।

पथरगामा निवासी सुनील कुमार उर्फ बबलू भगत, पंकज कुमार, सोनू कुमार, श्रवण कुमार और सुशील कुमार भगत ने डॉ. मोहन पासवान को सम्मानित होने पर बधाई दी और उनकी सराहना की। पंकज कुमार ने कहा, ₹काफी दिनों बाद पथरगामा को एक अच्छा चिकित्सा प्रभारी मिला है, जो पथरगामा वासियों के लिए गर्व की बात है। अब स्वास्थ्य केंद्र में पहले से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं, और डॉ. पासवान हमेशा उपलब्ध रहते हैं।

सुनील कुमार ने कहा, ₹मैंने खुद डॉ. मोहन पासवान से ऑपरेशन करवाया, जो पूरी तरह सफल रहा। सबसे बड़ी बात यह है कि उन्होंने मुझे अस्पताल से बाहर दवाइयां नहीं लेने दीं, जबकि पहले ऐसा नहीं था। हमें गर्व है कि पथरगामा में एक अच्छे चिकित्सा प्रभारी और डॉक्टर मिले हैं। इस सम्मान से यह साबित होता है कि डॉ. मोहन पासवान का समर्पण और उनकी सेवाएं पथरगामा वासियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि हैं। उनकी मेहनत और ईमानदारी ने क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई दिशा दी है।

समोसे की दुकान में सिलेंडर से आग लगने से मचा हड़कंप

लोकतंत्र की आवाज

उरई जालौन । आज देर रात कोच रोड स्थित एक समोसे–कचौड़ी की दुकान में लगी भीषण आग । उरई कोतवाली क्षेत्र के कोंच रोड स्थित मधुबन विला के पास स्थित एक गुमटी में अचानक लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

स्थिति तब गंभीर हो गई जब दुकान में रखे गैस सिलेंडर ने आग पकड़ ली। आग की भयावह लपटों को देखते हुए पास के पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही आनन फ़ानन मे दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने में सफल हो पाई। आग की घटना से पूरे इलाके में अफरा–तफरी का माहौल बन गया था। पेट्रोल पंप के नजदीक होने के कारण स्थिति और भी चिंताजनक होती नजर आ रही थी, लेकिन दमकल कर्मियों की त्वरित कार्रवाई से बड़ी दुर्घटना टल गई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। स्थानीय प्रशासन मामले की जांच कर रहा है।

अवैध ओवर लोड मौरम परिवहन का कार्य जोरों पर

लोकतंत्र की आवाज

कालपी जालौन ।कालपी तहसील क्षेत्र में अवैध ओवर लोड मोरंग खनन का कार्य जोरो पर बिना प्रपत्रों के ओवरलोड मौरम का परिवहन करने मे लगे धड़ल्ले से मौरंग माफिया। उपजिलाधिकारी की सयुक्त टीम ने एक साथ रविवार को जोल्हूपुर,काशीखेरा व इटौरा मार्ग में अलग–अलग स्थानों से आधा दर्जन से अधिक ट्रकों को पकड़कर सीज किया गया तथा पुलिस सुरक्षा में सभी ट्रक खड़े कराये गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह उप जिलाधिकारी कालपी सुशील कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह,एआरटीओ उरई,नायव तहसीलदार महेवा नीलमणि,ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज विवेक मिश्रा ने संयुक्त रूप से चैकिंग अभियान चलाया जिसमे जोल्हूपुर मोड़ पर चैकिंग के दौरान बिना प्रपत्र के 2 ट्रक ओवरलोड मौरंग भरे पकड़े गए चैकिंग के दौरान उप जिलाधिकारी व ए आर टी ओ द्वारा मौरंग ले जा रहे ट्रकों से प्रपत्र मांगे गए जिसमे ट्रक चालक द्वारा एक भी प्रपत्र नहीं दिखा पाए जिसमे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा दोनों ट्रको का बिना प्रपत्र के काशीखेरा चौराहे से पकड़े जाने पर चालान किया गया जिन्हें कालपी पुलिस की सुपुर्दगी में कालपी गल्ला मंडी खड़ा कराया गया।वही उपजिलाधिकारी कालपी सुशील कुमार सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी कालपी अवधेश सिंह तथा आटा थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने इटौरा से 3 ओवर लोड ट्रकों को जो बिना प्रपत्र के मौरम खनन कर परिवहन कर रहे थे उन्हें पकड़कर सीज किया गया तथा आटा पुलिस की सुपुर्दगी में खड़ा कराया गया। प्रशासनिक अमले की कार्यवाही से मौरंग माफियों और ट्रक संचालकों में हड़कंप मच गया है।

हालांकि प्रशासन की सयुक्त टीम द्वारा लगातार मौरंग माफियों व ट्रक चालकों व के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही मौरम लदे ट्रकों को बिना प्रपत्रों के क्यों परिवहन किया जा रहा इससे तो साबित हो आखिर कार क्यों नहीं बन्द हो रहा अवैद्य ओवर लोडिंग का खेल । जब की प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही फिर भी मौरंग माफियों दबंगई करके अवैद्य ओवर लोड खनन कर परिवहन करने में जुटे है इसके लिये कौन जिम्मेदार है लाखों रूपए का राजस्व की चोरी कर सरकार को चूना लगाने में लगे प्रतिदिन । कुछ गाडियों को पकड़कर कागजी खानापूर्ति कर छोड़ने की भी चर्चा जोरों पर है। लोकेशन माफिया भी एक बार फिर सक्रिय हो गये है तथा पुलिस व पत्रकार लिखे वाहनों में प्रशासनिक अधिकारियों की रैकी करने की भी चर्चा है।

प्राकृतिक उर्जा का अक्षय भंडार है सुर्यः यशवंत, कहा सोलर प्लेट लगा कर बढा सकते हैं आमदनी

लोकतंत्र की आबाज

रामजी कुमार

पूसा/ समस्तीपुर। डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय किसान मेला में सेल्को इंडिया समस्तीपुर का सोलर सिस्टम लोगों के बीच खास कर युवओं के आकर्षण का केन्द्र रहा। इस दौरान सेल्को इंडिया की, समस्तीपुर इकाई ने किसानों को सौर उर्जा को अपनाकर आय बढाने केलिए जागरूक किया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक यशवंत कुमार ने कहा कि सेल्को स्थाई ऊर्जा समाधान विकसित करने में कार्य कर रही है। जो सोलर सिस्टम के माध्यम से कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के ऊपर काम करती है।

उन्होंने बताया कि विगत 9 वर्षों से समस्तीपुर में रोजगार के क्षेत्र में सोलर पापड़ मशीन, अगरबत्ती मशीन, चिप्स मशीन, सोलर भाँति , सोलर कोल्ड स्टोरेज, मिल्किंग मशीन, फोटो मशीन, सिलाई मशीन के द्वारा लोगों को रोजगार से जोड़ने का प्रयास की है। उन्होंने कहा कि सुर्य उर्जा का प्राकृतिक एवं अक्षय भंडार है। उर्जा के पारंपरिक स्त्रोतों यथा गैस, बिजली, डीजल, पेट्रोल आदि के बढते मुल्य और इनके भंडार या उत्पादन में आ रही कमी के कारण वैकल्पिक ऊर्जा के स्त्रोत की ओर बढना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि सोलर प्लेट लगाने में शुरुआती खर्च के बाद कोई खर्च नहीं लगता। यदि

- किसानों को सौर उर्जा को अपनाकर आय बढाने केलिए जागरूक किया

आप अपनी आवश्यकता से अधिक बिजली उत्पादन करते हैं तो बिजली विभाग आपसे बिजली खरीदेगा। जिससे आपकी उर्जा जरूरतों की पूर्ति के साथ साथ आमदनी भी बढती है। योजना के तहत घरेलू श्रेणी के उपभोक्ता को छत पर सौर पैनल लगाने पर सब्सिडी मिलता है। संजय कुमार ने कहा कि इस योजना को लोगों के बीच जानकारी देने की आवश्यकता है। अधिकतर लोगों को इस योजना के बारे में जानकारी नहीं है। मौके पर चंदन कुमार, आलोक कुमार एवं कोमल कुमारी आदि मौजूद थे।

गिरिडीह बोडो में पांच दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण की 18. 02 .2025 को समाप्ति

लोकतंत्र की आवाज

विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)

गिरिडीह ,झारखंड । गिरिडीह बोड़ों में पांच दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण की शुरुआत हो गई यह प्रशिक्षण 14. 2 .2025.से 18. 5 .2025 तक चलेगी। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के हॉर्टिकल्चर डिविजन के माध्यम से मधुमक्खी पालन हेतु प्रशिक्षण के लिए जय माता दी मधुमक्खी पालक कल्याण समिति का चयन किया गया। जिसके पदाधिकारी उपस्थित मधुमक्खी पलकों को प्रशिक्षण दिया इसमें जय माता दी मधुमक्खी पालक कल्याण समिति के कोषाध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह जी, सचिव विजय कुमार जी , एवं मुख्य प्रशिक्षक सुनील पटेल जी हैं। जिला उद्यान पदाधिकारी वरुण कुमार जी जो कि इस प्रशिक्षण उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की थी।

यहां मुख्य प्रशिक्षक सुनील पटेल जी ने बखूबी मंच को संभालते हुए उपस्थित सभी प्रशिक्षक बंन्धु का स्वागत किया परंतु सबसे पहले सूर्य प्रताप सिंह जी ने उद्यान पदाधिकारी वरुण कुमार जी को भूखे देकर उनका स्वागत किया इसमें उपस्थित लोगों के बीच उद्यान पदाधिकारी ने अपने विचार को रखते हुए फल एवं हरी सब्जी की खेती हेतु सदा कार्यालय आकर संपर्क करने की बात की प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए गिरिडीह के विभिन्न प्रखंड से कई लोग उपस्थित हुए थे जिसमें नावाडीह डुमरी सरिया इत्यादि स्थानों से लोग आए हुए थे जिसे यह बात निकाल कर आयी यह सभी अपनी आय वृद्धि हेतु मधुमक्खी पालक का कार्य मधुमक्खी पालक का प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आए हुए हैं यहां सूर्य प्रताप सिंह जी ने बताया कि मधुमक्खी पालन से सिर्फ मधु ही नहीं बल्कि इससे मॉम जेली एवं पराग से उत्पाद मिलते हैं एवं इसके डंक से अर्थराइटिस से आराम मिलता है। यहां ध्यान देने योग्य यह बात है कि झारखंड एक पठारी इलाका है और यहां मधुमक्खी पालन एक चुनौती पूर्ण कार्य है लेकिन यदि मधुमक्खी पालक इस चुनौती पर विजय प्राप्त कर ली तो रुपयों की मानसून आपके आंगन होगी परंतु यदि जय माता जी मधुमक्खी पालक कल्याण समिति द्वारा कार्य में पारदर्शिता बरती गई तभी।

बिजनौर बिजली एसडीओ अंकित कुमार के विवाह समारोह में पहुँचकर क्षेत्रवासियों ने दी बधाई

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

नगीना। विद्युत विभाग के एसडीओ व्यवहार कुशल मिलनसार अंकित कुमार की बीती रात्रि शादी समारोह में नगीना तथा क्षेत्र के तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों तथा गणमान्य नागरिकों ने शिरकत कर एसडीओ अंकित कुमार तथा उनकी धर्मपत्नी को आशीर्वाद तथा शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर एसडीओ विद्युत विभाग अंकित कुमार ने कहा कि उनकी शादी में शिरकत करने वाले लोगों के वह तहे दिल से आभारी है। तथा उनके पास अल्फाज नहीं है कि वह उनका शुक्रिया कैसे अदा करें। लाइनमैन शराफत हुसैन ने बताया कि एसडीओ विद्युत विभाग अंकित कुमार अपनी रणनीति तथा मिलनसार व्यवहार के कारण नगीना के उपभोक्ताओं की पहली पसंद थे। क्योंकि वह उपभोक्ताओं की हर समस्या को अपनी समस्या समझकर उसका निस्तारण करवा देते थे।

यही कारण है कि वह नगीना में बहुत लोकप्रिय थे। शादी में शिरकत करने वालों में लाइनमैन भगवत सिंह, नगीना एसडीओ रामकेश, विद्युत विभाग के अधिकारी सुनील कुमार, शकील अहमद, उदयराज, जीएमटी विद्युत विभाग वसीम अहमद, सोनू, मुदित कुमार, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

लाखों की लागत से बने पंचायत भवन में पड़ा ताला

लोकतंत्र की आवाज

सीतापुर राकेश पाण्डेय

सीतापुर। जिले के विकास खण्ड रामपुर मथुरा इलाके में योगी सरकार के अरमानों पर गांव की सरकार पानी फेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। पूरा मामला जिले की विकास खण्ड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत गौरिया से जुड़ा हुआ है।अभी हाल ही में इस ग्राम पंचायत में ग्रामीणों की सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च कर ग्रामीणों के लिए एक सुंदर सा ग्राम सचिवालय इस उद्देश्य से बनवाया गया कि ग्रामीणों को सरकार की योजना की जानकारी और लाभ मिल सके।मीडिया टीम की पड़ताल में सच्चाई सामने आई कि गौरिया ग्राम पंचायत के प्रधान और सचिव आपस मे मिलकर साठ गाँठ करके शासन प्रशासन के निर्देशों को ताख पर रखकर अपने नियम कानून से चला रहे हैं। सरकार का भारी बजट खर्च कर बनवाये गए ग्राम सचिवालय में हमेशा ताला पड़ा रहता है।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इस ग्राम पंचायत भवन में कभी ना तो

- सरकारी आदेशों की जिम्मेदार उड़ा रहे हैं धज्जियां

रोजगार सेवक आते हैं और ना ही पंचायत सहायक। सूत्रों के अनुसार यह पंचायत भवन जुआरियों के लिए एक स्थाई अड्डा बना हुआ है।जहां प्रतिदिन इस पंचायत भवन में कुछ गिने– चुने ग्रामीण एकत्र होकर जुआ खेलते हैं। और सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए ग्रामीण इधर–उधर भटकते हैं और ग्रामीणों को सरकारी लाभ लेने के लिए ब्लॉक के चक्कर लगाने पड़ते हैं। पंचायत सहायक हर माह का अपना मानदेय लेकर मौज कर रहा है, जबकि दीवारो पर साफ शब्दों में लिखा है कि प्रत्येक दिन सचिव को छोड़कर सभी लोग पंचायत भवन में बैठेगे।ग्राम स्तर पर उपस्थिति को लेकर भी स्थानीय स्तर पर प्रधान और सचिव का दीदार होना बड़ी बात है अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इसका जिम्मेदार कौन है? यहां यह इसलिये लाज़मि है कि अखबारों में लगातार खबरों के माध्यम से विकास कार्यों की जमीनी हकीकत महकमें के उच्चधिकारियों तक पहुँच रही है लेकिन फिर भी अनजान हैं उससे कही न कही उक्त बातो की तस्वीरे साफ दिखाई पड़ रही हैं।अगर विकास को लेकर ब्लाक के मुख्य जिम्मेदार बिल्कुल बेपरवाह है

सूत्रों की माने तो इसमें हमेशा मनमानी के चलते कोई जिम्मेदार अधिकारी तक नहीं आते हैं गांव में बने मिनी सचिवालय का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है इसका कारण क्या हो सकता है कुछ अता–पता नहीं है हकीकत को देखकर आप खुद हैरत में पड़ जाएंगे फिलहाल इस पंचायत के भवन के बारे में जितना कुछ कहा जाए उतना ही लापरवाह जिम्मेदारो के लिये कम ही है। इस ग्राम पंचायत पर उच्च अधिकारी द्वारा जांच कर ली जाए तो सम्भवतः सभी सच्चाइयां सामने आ जायेगी।

वहीं दूसरी तरफ सूत्रों ने यह भी दावा किया है कि ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक शौचालय में कभी केयरटेकर नही पहुंचते हैं और ना ही सामुदायिक शौचालय का ताला खुलता है इससे साफ जाहिर हो रहा है कि ग्राम पंचायत के विकास कार्यो की कागजों पर तो खूब गंगा बहाई गई लेकिन ग्राम पंचायत के सचिवालय और सामुदायिक शौचालय की स्थिति काफी दयनीय है।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।